श्री षोडशी
तन्त्रशास्त्र
राजेश दीक्षित

षोडशी तन्त्र शास्त्र

षोडशी तन्त्र शास्त्र

साधक ध्यान रखें

पुस्तक को अध्ययन करते समय सर्वप्रथम निम्नलिखित वातों का विशेष ख्याल रखें—

× अपने आत्म-विश्वास और कार्य-सिद्धि के ढंग पर ही आपके कार्य का फल निर्भर करता है। बिना विश्वास के कोई फल प्राप्त नहीं होता।

× तान्त्रिक सांधन उपचार और दुख निवारण के लिए ही प्रयोग करने चाहिए न कि निजी स्वार्थ के लिए।

× किसी अनिष्टकारक फल की प्राप्ति के लिए किया गया कार्य दूसरों की हानि की अपेक्षा स्वयं को अधिक हानिकारक होता है।

षोडशी तन्त्र शास्त्र

[श्रीविद्या, ललिता, राजराजेश्वरी, त्रिपुरा, महात्रिपुर सुन्दरी, बाला तथा पञ्चदशी आदि नामों से प्रसिद्ध, तृतीय महाविद्या भगवती के तत्व, यन्त्र ध्यान, न्यास, पूजा-पद्धति, भेद, स्तोत्र, कवच, हृदय, सहस्रनाम आदि का शास्त्रीय विवेचनात्मक संकलन ग्रंथ]

●

विद्या-वारिधि, दैवज्ञ-वृहस्पति

आचार्य पं० राजेश दीक्षित

[सहस्राधिक ग्रंथों के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखक]

●

प्रकाशक

सुमित प्रकाशन

९१/ए आलोक नगर (बी) आगरा-१०

● प्रकाशक :
सुमित प्रकाशन
९१/ए आलोक नगर (बी) आगरा-१०

● लेखक/सम्पादक
आचार्य पं० राजेश दीक्षित

● संस्करण १९८७ ई०

● मूल्य : तीस रुपये

● मुद्रक :
सुमन कम्पोजिंग हाऊस, अमरपुरा, भरतपुर रोड, आगरा

SHODASHI-TANTRA SHASHTRA
by : Pt. Rajesh Dixit

षोडशी तन्त्र शास्त्र

□ तन्त्र एक ऐसा कल्पवृक्ष है, जिससे छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी कामनाओं की पूर्ति सुलभ है।

□ श्रद्धा और विश्वास के सम्बल पर लक्ष्य की ओर बढ़ने वाला तन्त्र-साधक अतिशीघ्र निश्चित लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है।

□

भावों को प्रकट करने के साधनों का आदिस्रोत यन्त्र-तन्त्र ही है। यन्त्र-तन्त्र के विकास से ही अंक और अक्षरों की सृष्टि हुई है। अतः रेखा, अंक एवं अक्षरों का मिला-जुला रूप तन्त्रों में व्याप्त हो गया। साधकों ने इष्टदेव की अनुकम्पा से बीज-मन्त्र तथा मन्त्रों को प्राप्त किया और उनके जप से सिद्धियाँ पायीं तो यन्त्र-तन्त्र में उन्हें भी अंकित कर लिया।

□

❀ एक दृष्टि में ❀

- ☐ मानव-जीवन की आवश्यकता और आकांक्षाओं की पूर्ति के अनेक साधनों में 'तन्त्र' सरल और सुगम साधन हैं।
- ☐ यह भ्रम सर्वथा निर्मूल है कि तन्त्र केवल भूल-भूलैया अथवा मन बहलाने का नाम है।
- ☐ तन्त्र का विशाल प्राचीन साहित्य इसकी वैज्ञानिक सत्यता का जीता-जागता प्रमाण है।
- ☐ आधुनिक विज्ञान और तन्त्र में बहुत समानता होते हुए भी तन्त्र में स्थायित्व है, सत्य है और कल्याण है।
- ☐ तन्त्र-विधान का शास्त्रीय परिचय और विधियों का सर्वांगीण ज्ञान साधना का सफल बनाकर सिद्धि तक पहुँचता है।
- ☐ लाक-कल्याण और आत्म-कल्याण की कामना से किये गये तान्त्रिक कर्म इस लोक और परलोक दोनों में लाभदायी होते हैं।
- ☐ नित्यकर्म, संक्षिप्त हवन विधि, शास्त्रीय विवेचन और काली तन्त्र के अभिनव-प्रयोग आपको कष्टों से बचाने में सहायक होंगे।
- ☐ इस पुस्तक में दिये गये तन्त्र-मन्त्र प्राचीनतम्, प्रामाणिक, अनुपलब्ध पुस्तकों से संकलित किये गये हैं सिर्फ उन्हीं मन्त्र, तन्त्र को पुस्तक में स्थान दिया गया है जिनकी सत्यता निर्विवाद है।
- ☐ पुस्तक पाठकों की भलाई के लिए बनायी गयी है .अस्तु "कुएँ के अन्दर जैसी आवाज देंगे वैसी ही प्रतिध्वनि हागी" की तरह साधना आपके सच्चे मन कर्म से होगी तभी उसमें इष्टतम् फल प्राप्त होगा अन्यथा जैसा करेगा वैसा भरेगा। इसमें लेखक, प्रकाशक का क्या दोष ?

साधना से पूर्व आवश्यक निर्देश

किसी भी मन्त्र-तन्त्र की साधना से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखना आवश्यक है—

(१) मन्त्र-तन्त्र का जप अंग-शुद्धि, सरलीकरण एव विधि-विधान पूर्वक करना उचित है। आत्म-रक्षा के लिए सरलीकरण की आवश्यकता होती है।

(२) किसी भी तन्त्र अथवा मन्त्र की साधना करते समय उस पर पूर्ण श्रद्धा रखना आवश्यक है, अन्यथा वांछित फल प्राप्त नहीं होगा।

(३) मन्त्र-तन्त्र साधन के समय शरीर का स्वस्थ्य एवं पवित्र रहना आवश्यक है। चित्त शान्त हो तथा मन में किसी प्रकार की ग्लानि न रहे।

(४) शुद्ध, हवादार, पवित्र एवं एकान्त-स्थान में ही मन्त्र साधना करनी चाहिए। मन्त्र-तन्त्र साधना की समाप्ति तक एक स्थान परिवर्तन नहीं करना चाहिए।

(५) जिस मन्त्र-तन्त्र की जैसी साधना-विधि वर्णित है, उसी के अनुरूप सभी कर्म करने चाहिए अन्यथा परिवर्तन करने से विघ्न-बाधाएँ उपस्थित हो सकती हैं तथा सिद्धी में भी सन्देह हो सकता है।

(६) जिस मन्त्र की जप संख्या आदि जितनी लिखी है उतनी ही संख्या में जप-हवन आदि करना चाहिए। इसी प्रकार जिस दिशा की ओर मुँह करके बैठना लिखा हो तथा जिस रंग के पुष्पों का विधान हो, उन सबका यथावत् पालन करना चाहिए।

(७) एक बार में एक ही तन्त्र की साधना करना उचित है। इसी प्रकार एक समय केवल एक ही मनोभिलाषा की पूर्ति का उद्देश्य सम्मुख रहना चाहिए।

दो शब्द

- दशमहाविद्या तन्त्र ग्रंथ माला की यह तीसरी पुस्तक है। इसमें श्रीविद्या, ललिता, राजराजेश्वरी, त्रिपुरा, महात्रिपुर सुन्दरी, बाला, पञ्चदशी आदि नामों मे प्रसिद्ध तृतीया महाविद्या भगवती षोडशी के स्वरूप तत्व, यंन्त्र-तत्व, मन्त्र, न्यास, जप तथा पूजा-विधि के अतिरिक्त इनके भेद एवं गोपाल सुन्दरी मन्त्र की साधन-विधि का शास्त्रीय-विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

- भगवती महाकाली, उग्रतारा तथा षोडशी—ये तीनों आद्य महाविद्या हैं अन्य सभी महाविद्याओं का प्राक्ट्य इन्हीं से हुआ है। इनमें भी साधक-गण श्रीविद्या नाम्नी भगवती षोडशी को ही सर्वोपरि मानते हैं। 'श्रीयन्त्र' को तो मन्त्रराज के नाम से विश्व-विश्रुत ख्यातिं प्राप्त है ही।

- श्रीविद्या सद्य फलदायक है तथा श्रीयन्त्र दर्शन मन्त्र से ही समस्त काम-नाओं को पूर्ण करता है। जिस घर में श्रीयन्त्र विद्यमान रहता है, वहाँ धन-धान्य आदि किसी वस्तु की कमी नहीं रहती।

- प्रस्तुत संकलन में जहाँ मन्त्र, जप, पूजन आदि की विधि का सुविस्तृत वर्णन किया गया है, वहीं भगवती षोडशी से संबंधित स्तोत्र, कवचादि देकर इसे पाठकों के लिए अधिकाधिक उपयोगी बनाने की चेष्टा की गई है। एतदर्थ जिन-जिन सूत्रों से सामग्री-संचय में सहायता मिली है, उन सभी के प्रति हम हृदय से आभारी हैं।

- आशा है भगवती षोडशी श्रीविद्या के उपासकों तथा साधकों के लिए यह संकलन उपयोगी सिद्ध होगा। इस पुस्तक में वर्णित किसी विषय अथवा तन्त्र विषयक किसी कार्य एवं जानकारी के लिए हमसे पत्राचार द्वारा सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

—राजेश दीक्षित

विद्या-वारिधि, दैवज्ञ बृहस्पति

आचार्य पं. राजेश दीक्षित

लिखित

तन्त्र सम्बन्धी श्रेष्ठ पुस्तकें

●

१. हिन्दू तन्त्र शास्त्र
२. जैन तन्त्र शास्त्र
३. इस्लामी तन्त्र शास्त्र
४. शावर तन्त्र शास्त्र
५. काली-तन्त्र शास्त्र
६. तारा-तन्त्र शास्त्र
७. षोडशी-तन्त्र शास्त्र
८. भुवनेश्वरी-तन्त्र शास्त्र
९. छिन्नमस्ता-तन्त्रशास्त्र
१०. भैरवी-तन्त्र शास्त्र
११. धूमावती-तन्त्र शास्त्र
१२. बगलामुखी-तन्त्र शास्त्र
१३. मातङ्गी-तन्त्र शास्त्र
१४. कमला-तन्त्र शास्त्र
१५. बौद्ध तन्त्र शास्त्र

प्रत्येक पुस्तक का मूल्य ३० रुपया (डाकखर्च अलग)

सुमित प्रकाशन

९१/ए आलोक नगर (बी) आगरा-१०

समर्पण

अध्यात्म-चिन्तक, कुशल-प्रशासक, साहित्य-स्नेही

डा. अनाविनाथ सैंगल

I. A. S

को

सानुराग

विषय सूची

१ | षोडशी-तत्त्व

षोडशी विद्या

दशमहाविद्यान्तर्गत (१) काली, (२) तारा एवं (३) षोडशी—इन तीन को ही सर्वप्रधान विद्या माना गया है। इन तीनों से ही नौ विद्याएँ तथा एक पूरक विद्या—इस प्रकार कुल मिलाकर 'दशमहाविद्या' होती हैं। मूलतः तो एक से ही तीन होती हैं और वह सबकी मूलभूत एक विद्या 'श्रीविद्या' ही है, ऐसी मान्यता है।

जिस प्रकार 'महाकाल' पुरुष की आद्याशक्ति 'महाकाली' तथा 'अक्षोम्य-रुद्र' की शक्ति 'तारा' है, उसी प्रकार 'पंच वक्त्र' शिव की शक्ति का नाम 'षोडशी' कहा गया है। शक्ति एवं कार्य-भेद से भगवान् शकर के अनेक रूप हो जाते हैं। एक ही शिव-सूर्य पाँच दिशाओं में व्याप्त होकर 'पञ्चवक्त्र अथवा 'पञ्चमुख' बन जाते हैं। वे पाँचों मुख (१) पूर्वा, (२) पश्चिमा, (३) उत्तरा, (४) दक्षिणा तथा (५) ऊर्ध्वा दिग्-भेद से क्रमशः (१) तत्पुरुष, (२) सद्योजात, (३) वामदेव, (४) अघोर एवं (५) ईशान नाम से प्रसिद्ध हैं। इनके वर्ण क्रमशः (१) हरित, (२) रक्त, (३) धूम्र, (४) बीज तथा (५) पीत हैं। इनके दस हाथ हैं, जिनमें क्रमशः (१) अभय, (२) टङ्क, (३) शूल, (४) वज्र, (५) पाश, (६) खड्ग, (७) अङ्कुश, (८) घण्टा, (९) नाग तथा (१०) अग्नि—ये दस आयुध धारण किए हुए हैं। ये शिव अनन्त शक्तिमान् हैं। (१) आग्नेय, (२) वायव्य तथा (३) सौम्य—ये तीन इनके स्वरूप धर्म हैं। ये तीनों ही तीन-तीन प्रकार के हैं - 'आग्नेय प्राण' के (१) अग्नि, (२) वायु और (३) इन्द्र—ये तीन भेद हैं। 'वायव्य प्राण' के (१) वायु, (२) शब्द तथा (३) अग्नि ये तीन भेद हैं तथा 'सौम्य प्राण' के (१) वरुण, (२) चन्द्र और (३) दिक्—ये तीन भेद हैं। इस प्रकार उस शिव की ९ शक्तियाँ हो जाती हैं। ये सभी घोर उग्र हैं तथा इन सबका आधार भूत 'परोरजा' नामक सर्वप्रतिष्ठारूप शान्तिमय प्राजापत्य प्राण है, दश हाथ तथा दश आयुध इन्हीं दश शक्तियों के प्रतीक हैं।

'टङ्क' आग्नेय-ताप का; 'शूल' वायव्य-ताप का; 'वज्र' ऐन्द्र-ताप का; 'पाश' वारुण-ताप का; 'खड्ग' चान्द्र-शक्ति का; 'अङ्कुश' दिश्याहेति का; 'नाग' सञ्चर-नाड़ी तथा विषाक्त-वायु का; 'अग्नि-ज्वाला' प्रकाशरूपा दृष्टि का, मस्तकस्थ 'चन्द्रमा' सोमाहुति; का; 'अभय-मुद्रा शान्तिरूप परोरजा—प्राण का तथा 'घण्टा' स्वर-वाक् की अधिष्ठाहृता अर्थात् (ध्वनि, शब्द) का प्रतीक है।

इन्हीं पञ्चवक्त्र शिव की शक्ति का नाम 'षोडशी' है। स्व, पर, सूर्य, चन्द्र तथा पृथिवी—इन पाँचों में से एक मात्र सूर्य में ही उस 'षोडशी' का पूर्ण विकास होता है।

"स वा एष आत्मा वाङ्मय प्राणमयो मनोमयः।"—वृहदारण्यक की इस उक्ति के अनुसार सृष्टिसाक्षी आत्मा मन-प्राणवाङ्मय है। सूर्य में तीनों की सत्ता है। इसीलिए "सूर्य आत्मा जगतस्थुषश्य" इत्यादि रूप से सूर्य को स्थावर-जङ्गात्मक सम्पूर्ण विश्व का आत्मा बतलाया गया है। चूंकि इसमें षोडशकल पुरुष का पूर्ण विकास है, अतः हम इसे 'षोडशी' कह सकते हैं और इसी कारण इसकी शक्ति को भी 'षोडशी' कहा जा सकता है।

भूः, भुवः, स्वः रूप तीनों ब्रह्मपुर इसी महाशक्ति से उत्पन्न हुए हैं, अतः तन्त्र में इसका 'त्रिपुर सुन्दरी' नाम भी प्रसिद्ध है।

षोडशी स्वरूप की प्रतीकात्मकता

'शाक्त प्रमोद' षोडशीतन्त्र में कहा है—

"बालार्क मण्डलाभासां चतुर्बाहां त्रिलोचनाम्।
पाशाङ्कुशशरांश्चापं धारयन्ती शिवां भजे ।।"

अर्थात्—"बालसूर्य मण्डल की आभा युक्त, चार भुजाओं, तीन नेत्रों वाली एवं पाश, अंकुश एवं धनुष-बाण धारण करने वाली शिवा को मैं भजता हूँ।"

देवी का यह स्वरूप किन-किन प्रतीकों का उदाहरण है, इस पर हम संक्षेप में विचार करते हैं।

सूर्य में प्रकाश है, ताप (अग्नि) है तथा आहुतसोम (चन्द्रमा) भी है। "त्रीणि ज्योतीषि सचते स षोडशी" के अनुसार उस शिव-शक्ति ने इन्हीं तीन रूपों में विश्व को प्रकाशित कर रखा है, इसी लिए सूर्य को 'लोक चक्षु' कहते हैं। इन्हीं तीन ज्योतियों के प्रतीक भगवती षोडशी के 'तीन नेत्र' समझने चाहिए।

सौर-शक्ति सम्पूर्ण खगोल में व्याप्त है तथा खगोल चतुर्भुज है, इसी की प्रतीक रूपा भगवती की चार भुजाएँ हैं।

यह अग्नि सोमाहुति से शान्त बन रही है। प्रातःकाल का बालसूर्य इसी को साक्षात् प्रतिकृति है, अतः देवी के शरीर की वालार्क अथवा बाल-सूर्य जैसी आभा इसी अवस्था की प्रतीक है।

सूर्य से उत्पन्न होने वाली प्रजा सौर-आकर्षण-सूत्र से बद्ध रहती है। स्वयं पृथ्वी भी उससे वद्ध होने के कारण कभी क्रान्तिवृत्त को नहीं छोड़ती। अस्तु उस सौर-शक्ति ने अपने आकर्षण रूपी पाश से सबको बाँध रखा है। 'पाश' इसी का प्रतीक है।

देवी सबके ऊपर अपना अंकुश रखती हैं। उन्हीं के भय से अग्नि तपती है, उन्हीं के भय से सूर्य तपता है तथा उन्हीं के भय से इन्द्र, वायु तथा यम अपने-अपने कार्य में संलग्न बने रहते हैं। 'अंकुश' इसी का प्रतीक है।

जो प्रधापराध से शक्ति के अटल नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनका वह नाश कर डालती है। पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ—इन तीनों लोकों में व्याप्त रुद्र के अन्न, वायु और वर्षा – ये तीन प्रकार के वाण हैं। वे वाण यथार्थ में इस शक्ति के ही हैं। इन्हीं के द्वारा वह संहार करती है। अतः 'शर' (वाण) इसी के प्रतीक हैं!

सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा, पालक विष्णु, संहारक रुद्र तथा खण्ड प्रलय के अधिष्ठाता यम—ये चारों देवता इसी शक्ति के अधीन हैं। वह चारों पर प्रतिष्ठित है, अतः चतुर्वाहा' इसी का प्रतीक है।

विविधनाम

'श्री विद्या' ही ललिता, राजराजेश्वरी, महा त्रिपुर सुन्दरी, वाला, पञ्च-दशी तथा षोडशी आदि नामों से प्रसिद्ध है। मूल-तत्त्व में ऐक्य होते हुए भी ये भिन्न-भिन्न नाम अवस्थाभेद के परिचायक हैं।

दश महाविद्याओं में 'षोडशी' के नाम से प्रसिद्ध विद्या 'श्री विद्या' का ही परिणत स्वरूप है। इसी को 'ब्रह्मविद्या' तथा 'ब्रह्ममयी' भी कहते हैं।

'श्रीविद्या' शब्द से श्री त्रिपुरसुन्दरी का मन्त्र तथा उसकी अधिष्ठात्री देवता—दोनों का बोध होता है।

सामान्यतः लोक में श्री शब्द का अर्थ 'लक्ष्मी' प्रसिद्ध है। परन्तु हारिता-यनसंहिता, ब्रह्माण्डपुराणोत्तरखण्ड आदि में वर्णित कथाओं के अनुसार 'श्री' शब्द का मुख्यार्थ 'महात्रिपुर सुन्दरी' ही है।

श्री महालक्ष्मी ने महात्रिपुर सुन्दरी की चिरकाल तक आराधना करके जो अनेक वरदान प्राप्त किए हैं, उनमें ही एक वरदान उन्हें 'श्री' शब्द से प्रसिद्ध होने

का भी मिला है, तभी से 'श्री' शब्द का अर्थ 'महालक्ष्मी' होने लगा अर्थात् 'श्री' शब्द के लिए महालक्ष्मी अर्थ गौण है।

'श्री' अर्थात् महा त्रिपुर सुन्दरी की प्रतिपादिका विद्या-मन्त्र ही 'श्री विद्या' है। वाच्य-वाचक का अभेद मानकर इस मन्त्र की अधिष्टात्री देवता भी 'श्रीविद्या' ही कही जाती है।

सामान्यत: 'श्री' शब्द श्रेष्ठता एवं पूज्यता का सूचक है। सर्वोपरि श्रेष्ठ तो परब्रह्म ही है। ब्रह्म कलांश के रहने की सूचना ही 'श्री' शब्द द्वारा व्यक्त होती है। जिनमें अंशत: ब्रह्मकला प्रकट हो, वे ही शब्द 'श्री' सहित व्यवहृत होते हैं। सर्वकारणभूता आत्मशक्ति त्रिपुरेश्वरी साक्षात् ब्रह्मरूपिणी होने के कारण केवल 'श्री' शब्द से ही व्यवहृत होती है। इसी कारण साहि श्रीगमृता सताम्' आदि कहकर श्रुति भी इसी परब्रह्म स्वरूपिणी विद्या की स्तुति करती है।

विभिन्न देवताओं की आराधना से धन-धान्य, पुत्र, स्त्री, आदि लौकिक-फल प्राप्त होते हैं, परन्तु 'श्री विद्या' के उपासकों को लौकिक-फल के साथ ही आत्मज्ञान की उपलब्धि भी होती है। आत्मज्ञानी को प्राप्त होने वाली शोकोत्तीर्णता श्री विद्योपासक को भी अवश्य मिलती है, इस कारण फलंश्य से 'श्री विद्या' ही 'ब्रह्मविद्या' है।

'श्री विद्या' को क्रमिक-उपासना यदि सौभाग्यवश सद्गुरु सम्प्रदाय से प्राप्त हो जाय तो, सामान्य मनुष्य भी क्रमश: उपासना के परिपाक एवं श्रीमाता की अभिन्नता रूप गुरु-कृपा से इसी जन्म में आत्मज्ञानी हो सकता है।

शास्त्रों में 'कहा गया है कि श्री विद्या के उपासक को भोग तथा अपवर्ग दोनों ही प्राप्त होते हैं।

कामेश्वरी-तत्त्व

'स्वतन्त्र तन्त्र' में कहा है—"स्वात्मा ही विश्वात्मिका ललिता देवी है, उसका विमर्श ही उसका रक्त वर्ण है और इस प्रकार की भावना ही उसकी उपासना है।"

स्वात्मशक्ति श्रीविद्या ही ललिता-कामेश्वरी हैं। वे महाकामेश्वर के अङ्क में विराजमान हैं। उपाधि-रहित शुद्ध स्वात्मा ही महाकामेश्वर है। सदानन्दरूपा उपाधिपूर्ण स्वात्मा ही पर-देवता महा त्रिपुर सुन्दरी ललिता है। निष्कर्ष यह है कि 'स्व' अर्थात् 'उपासक का आत्मा' ही अर्थात् अन्तर्यामी ही वह सदानन्द-उपाधि पूर्ण ललिता है।

सत्त्व, चित्त्व तथा आनन्द स्वरूप धर्मत्रयनियुक्त धर्मिमात्र वही स्वात्मा श्री विद्या ललिता का आधारभूत महाकामेश्वर है।

कामेश्वर-कामेश्वरी के रक्त वर्ण का ध्यान किये जाने का रहस्य यह है— "लौहित्यमेतस्य सर्वस्य विमर्शः।' महाकामेश्वर, ललिता तथा स्वयं—इन तीनों का विमर्श अर्थात् स्वात्मा में अनुसन्धान करना ही ललिता के रक्तवर्ण की भावना है।

कामेश्वर तथा कामेश्वरी का सम्बन्ध लाक्षाद्रव तथा पट के सम्बन्ध की भांति सामरस्यात्मक है—इस प्रकार की वासना ही रक्तवर्ण की भावना है। कामेश्वर शिव की शिवता महाशक्ति के उल्लासरूप सान्निध्य से ही स्फुरित होती है।

पञ्च प्रेतासन—श्रीविद्या राज राजेश्वरी पञ्च प्रेतासन पर विराजमान है। (१) ब्रह्मा, (२) विष्णु, (३) रुद्र, (४) ईश्वर और (५) सदाशिव—ये पञ्च-महाप्रेत हैं।

जब ब्रह्मादि अपनी-अपनी शक्तियों से रहित होकर कार्य-अक्षम हो जाते हैं, तब वे 'प्रेत' कहे जाते हैं। उनमें भी ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर—ये चार पाद हैं तथा सदाशिव फलक है, उस पर ही महाकामेश्वर के अङ्क में महाकामेश्वरी विराजमान हैं।

आयुध—कामेश्वरी की चार भुजाओं में (१) पाश, (२) अङ्कुश, (३) इक्षु-धनु तथा (४) पञ्च-पुष्पबाणों का ध्यान किया जाता है।

'उत्तर चतुःशास्त्र' में इन आयुधों का यथार्थ स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

(१) 'पाश' इच्छा-शक्ति; 'अंकुश' ज्ञान-शक्ति, तथा 'धनुष' और 'बाण' क्रिया-शक्ति के प्रतीक हैं।

चतुर्विध रूप—आत्म शक्ति 'श्रीविद्या' के (१) स्थूल, (२) सूक्ष्म तथा (३) पर—ये तीन स्वरूप प्रकट हैं। इनमें पहला स्थूल रूप मन्त्र-सिद्धि प्राप्त साधकों के नेत्र तथा हाथों के प्रत्यक्ष का विषय है। वे नेत्रों से उस लोकोत्तरआह्लादकारक तेजोराशि के नेत्रों से दर्शन करते हैं तथा हाथों से चरणों का स्पर्श करते हैं।

दूसरा मन्त्रात्मक 'सूक्ष्म' रूप पुण्यात्मा साधकों की कर्णेन्द्रिय तथा वागीन्द्रिय के प्रत्यक्ष का विषय है। 'मन्त्र-मयी देवता' के सिद्धान्तानुसार मन्त्र वर्णों में ही देवता के शरीरावयवों की कल्पना करने से वह मन्त्रात्मक स्वरूप मन्त्र

ध्वनि श्रवण रूप में कर्णेन्द्रिय से तथा मन्त्रोच्चारण के रूप में वागीन्द्रिय से प्रत्यक्ष किया जाता है।

तीसरा वासनात्मक रूप महापुण्यवान् साधकों के केवल मन-इन्द्रिय द्वारा ही गृहीत होता है। आत्मशक्ति जगदम्बा का चैतन्य ही स्वरूप है और आत्म-चैतन्य का अनुभव मन से ही हो पाता है।

गुरू के साथ शिष्य यदि अपनी आत्मशक्ति की अभेद भावना करे तो उस शिष्य को भी श्री विद्या के साथ पूर्ण अभेद तत्क्षण प्राप्त हो जाता है। अतः श्री विद्या के साथ पूर्ण अभेद प्राप्त करने के लिए गुरु-कृपा के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नहीं है; अस्तु गुरु के साथ अभेद-भावना की नितान्त आवश्यकता है।

श्री विद्या के द्वादश सम्प्रदाय

'श्री विद्या' के १२ उपासक प्रसिद्ध हैं—(१) मनु, (२) चन्द्र, (३) कुवेर, (४) लोपामुद्रा, (५) मन्मथ अर्थात् कामदेव, (६) अगस्ति, (७) अग्नि, (८) सूर्य, (९) इन्द्र, (१०) स्कन्द अर्थात् कुमार कार्तिकेय, (११) शिव और क्रोध भट्टारक अर्थात् दुर्वासा ऋषि।

इनमें से प्रत्येक का अलग-अलग सम्प्रदाय था। परन्तु वर्तमान समय में केवल चतुर्थ तथा पंचम उपासक अर्थात् लोपामुद्रा एवं मन्मथ—इन दोनों के सम्प्रदाय ही प्रचलित हैं। इनमें भी प्रायः मन्मथ-सम्प्रदाय अर्थात् कामराज विद्या का ही सर्वतोमुख प्रचार है।

'त्रिपुरा-रहस्य' के माहात्म्य-खण्ड में वर्णित कथाओं के अनुसार कामदेव ने अपनी निर्व्याज आराधना से श्रीमाता को प्रसन्न कर, उनसे अनेक दुर्लभ-वर प्राप्त किये तथा स्वोपासित कामराज-विद्या के उपासकों के लिए अनेक सुविधाएँ भी उपलब्ध करा दीं, अतः तभी से 'कामराज-विद्या' का विशेष प्रचार हुआ है।

कामराज-विद्या ककारादि पञ्चदश वर्णात्मक है। इसे 'कादि विद्या' भी कहते हैं।

लोपामुद्रा-विद्या भी पञ्चदशवर्णात्मिका ही है। 'इसे 'हादि विद्या' कहते हैं।

कामेश्वर के अङ्क में स्थित कामेश्वरी के पूजा-मन्त्रों में 'कादि' तथा 'हादि'—इन दोनों विद्याओं से युक्त नाममन्त्र की योजना सत्-सम्प्रदायों में प्रचलित है। शेष मनु, चन्द्र आदि दश विद्याएँ केवल आम्नाय-पाठ में ही उल्लिखित हैं। प्रचलित उपासना पद्धतियों में उनका विशेष उपयोग नहीं होता।

त्रिपुरा-तत्त्व

श्रीकामराज-विद्या की अधिष्ठात्री 'श्रीविद्या' का ही नामान्तर 'त्रिपुरा' है। त्रिमूर्तियों से 'पुरा' अर्थात् पुरातन होने के कारण 'त्रिपुरा' नाम हुआ।

'गौड़पदीय सूत्र' के अनुसार 'तत्त्वत्रयेण भिदा' अर्थात् तीनों तत्त्वों से भिन्न, गुणत्रयातीता होने अथवा त्रिगुण नियन्त्री शक्ति होने के कारण इनका नाम 'त्रिपुरा' है।

'त्रिपुरार्णव' में 'त्रिपुरा' शब्द की प्रकारान्तर से निरुक्ति की गई है। यथा—इडा, पिङ्गला और सुषुम्णा—ये तीन नाड़ियाँ हीं 'त्रिपुरा' है। वह शक्ति मन, बुद्धि तथा चित्त—इन तीन पुरों में निवास करती है, इसलिए 'त्रिपुरा' कही जाती है।

प्रकारान्तर से 'त्रिपुरा' शब्द की निरुक्ति में कहा गया है—(१) त्रिमूर्त्ति अर्थात ब्रह्मा, विष्णु, महेश की जननी होने से, (२) त्रयी अर्थात् ऋक्, यजुः साम मयी होने से एवं (३) महाप्रलय में त्रिलोकी को अपने में लीन कर लेने से जगदम्बा 'श्री विद्या' का 'त्रिपुरा' नाम प्रसिद्ध हुआ है।

'वामकेश्वर तन्त्र' में कहा गया है—'ब्रह्मा, विष्णु तथा ईश रूपिणी श्री विद्या' के ही ज्ञान-शक्ति, क्रिया-शक्ति और इच्छा-शक्ति—ये तीन स्वरूप हैं। इच्छा शक्ति उसका शिरोभाग है, ज्ञान शक्ति मध्यभाग है तथा क्रियाशक्ति अधोभाग है। इस प्रकार शक्ति त्रयात्मक होने के कारण ही उसे 'त्रिपुरा' कहा जाता है।

श्री विद्या के लीला-विग्रह

यों तो 'श्री विद्या' के लीला-विग्रहों (अवतारों) की कोई गणना नहीं की जा सकती, तथापि 'त्रिपुरारहस्य' महात्म्य-खण्ड एवं 'ब्रह्माण्ड पुराण' उत्तरखण्ड आदि में वर्णित प्रमुख विग्रह (अवतार) निम्नलिखित हैं—

(१) कुमारी—इन्द्रादि देवताओं का गर्व नष्ट करने हेतु श्री माता 'कुमारी' रूप में प्रकट हुई थी।

(२) त्रिरूपा—कारण पुरुष ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव को उनके अधिकृत सृष्टि, स्थिति एवं संहार कार्यों में सहायता करने के लिए श्रीमाता ने (१) वाणी, (२) रमा तथा (३) रुद्राणी शक्तियों को अपने शरीर से उत्पन्न कर, क्रमशः तीनों देवताओं को पत्नी रूप में सौंपा।

(३) काली—आदि दैत्य मधु तथा कैटभ के कुलों में उत्पन्न शुम्भ-निशुम्भ नामक दैत्यों ने उग्र तपस्या द्वारा ब्रह्मा से जब पुरुष मात्र से अजेय होने का वर

प्राप्त कर लिया और वे तीनों लोकों पर अत्याचार करने लगे, उस समय ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र आदि देवताओं ने भगवती त्रिपुराम्बा की स्तुति की। उस समय भगवती ने प्रसन्न होकर गौरी को भेजा तथा गौरी ने काली रूप धारण कर, शुम्भ-निशुम्भ द्वारा प्रेषित चण्ड-मुण्ड नामक दैत्यों का संहार किया।

(४) चण्डिका—इनके अवतार की कथा 'दुर्गा सप्तशती स्तोत्र' में प्रसिद्ध है।

(५) काली—इनके अवतार की कथा भी 'दुर्गा सप्तशती' में वर्णित है।

(६) दुर्गा—महिषासुर का वध करने हेतु भगवती ने दुर्गा का अवतार लिया था। यह कथा भी 'दुर्गा सप्तशती' में वर्णित है।

(७) ललिता—पूर्वकाल में 'भण्ड' नामक असुर ने शिवजी से अभय-वर प्राप्त कर, तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया तथा देवताओं के हविर्भाग का स्वयं उपभोग करने लगा। उस समय इन्द्राणी भयभीत होकर भगवती गौरी की शरण में गईं। इधर भण्ड ने 'विशुक्र' को पृथ्वी का तथा 'विषङ्ग' को पाताल का अधिपत्य देकर स्वय इन्द्रासन पर अधिकार कर लिया तथा इन्द्र आदि देवताओं को अपनी पालकी ढोने पर नियुक्त किया। तब शुक्राचार्य जी ने दया के वशीभूत हो देवताओं को उस दुर्गति से बचाया। अन्ततः भण्ड दैत्य जब गौरी के समीप इन्द्राणी को लेने के उद्देश्य से पहुँचा, तब देवताओं ने हिमाचल में त्रिपुरादेवी के उद्देश्य से महायज्ञ आरम्भ किया, उसमें से अन्तिम समय भगवती त्रिपुराम्बा प्रकट हुईं फिर उन्होंने श्री चक्रात्मक रथ पर अरूढ़ होकर दैत्यराज भण्ड से महा-भयानक युद्ध किया तथा महाकामेश्वरास्त्र का प्रयोग कर, उसे सपरिवार मार कर, देवताओं को निर्भय किया।

(८) भारती—एक बार ब्रह्मा की सभा में देवर्षि नारद ने जब सावित्री की स्तुति की तो ब्रह्मा ने उपहास किया। फलतः सावित्री ने ब्रह्मा को बहुत डाँटा। उस समय ब्रह्मा ने सावित्री से कहा—तुमने अपने पति का (मेरा) अपमान किया है, अतः तुम पत्नीत्व के अयोग्य हो। आज से तुम मेरे साथ यज्ञों में नहीं बैठ सकोगी।' यह सुनकर सावित्री बोली—'यदि मैं तुम्हारी पत्नी होने योग्य नहीं हूँ तो अब कोई शूद्र-कन्या ही तुम्हारी पत्नी होगी।'

तब ब्रह्मा ने सावित्री को शूद्र कन्या-जन्म में पूर्व-वृत्तान्त के स्मरण न रहने का शाप दिया तथा सावित्री ने ब्रह्मा को निन्द्य-स्त्री में काम भावना ग्रस्त होने का शाप दे डाला। तबसे सावित्री अन्यत्र जाकर रह उठीं।

फिर एक बार ब्रह्मा ने यज्ञ करने का विचार किया। उन्होंने सावित्री को बुलाया, परन्तु वे नहीं आईं, तब मुहूर्त निकल जाने के भय से भूतल से एक गोप-

कन्या लाकर उसके साथ ब्रह्मा का विवाह कराया गया तथा यज्ञ की यथाविधि समाप्त हुई।

उस समय सावित्री अत्यन्त क्रुद्ध हुईं। जब उनके क्रोध से तीनों लोक दग्ध होने लगे तब पार्वती की प्रार्थना पर भगवती त्रिपुराम्बा ने 'भारती' के रूप में प्रकट होकर सावित्री को शान्त किया।

(९) गौरी तथा (१०) रमा—एक बार भूलोक में राजा वीरव्रत के शासन काल में मनुष्यों ने यज्ञ-योगादि कार्य जब बन्द कर दिये तो इन्द्रादि देवताओं ने श्री महालक्ष्मी की आराधना की। महालक्ष्मी ने अपने पुत्र कामदेव को भेजा। उसने राजा वीरव्रत के सैनिकों को युद्ध में मार भगाया। यह देखकर राजा ने शंकर जी की आराधना की तथा उनसे विजय-प्राप्ति का वर लेकर शंकर प्रदत्त त्रिशूलात्मक बाण से कामदेव को मार डाला। यह समाचार पाकर भगवती लक्ष्मी ने त्रिपुराम्बा के प्रसाद से अमृत छिड़क कर कामदेव को पुनरुज्जीवित कर दिया। 'शंकर के प्रभाव से मेरी पराजय तथा मृत्यु हुई थी'—यह जानकर कामदेव शंकर से द्वेष मानने लगा तथा भगवती त्रिपुराम्बा की आराधना से शक्ति-संचय कर शंकर को हराने का निश्चय कर लिया।

उसी समय भगवती लक्ष्मी ने त्रिपुराम्बा का स्मरण किया, तो उनके द्वारा प्रेषित 'भगवती गौरी' उनके पास पहुँचीं। लक्ष्मी ने जब उन्हें कामदेव के निश्चय के बारे में बताया तो उन्होंने लक्ष्मी तथा कामदेव को समझाते हुए यह कहा कि 'शंकर सर्वोपरि हैं, उनसे स्पर्द्धा करना अनुचित है।'

यह सुनकर कामदेव ने रुष्ट होकर कहा—"मैं शंकर पर विजय अवश्य प्राप्त करूँगा।' तब गौरी ने क्रुद्ध होकर उसे शाप दिया कि तुम 'शंकर के द्वारा दग्ध होगे।'

गौरी के इस शाप को सुनकर लक्ष्मी क्रुद्ध हो गईं। तब उन्होंने गौरी को शाप देते हुए कहा—'तुम भी पति निन्दा सुन कर दग्ध होओगी।' यह सुनकर गौरी ने भी लक्ष्मी को यह शाप दिया कि तुम पति-विरह का दुःख तथा सपत्नियों से क्लेश प्राप्त करोगी।

इसके बाद लक्ष्मी तथा गौरी में युद्ध प्रारम्भ हो गया। तब ब्रह्मा एवं सरस्वती की मध्यस्थता से किसी प्रकार शान्ति स्थापित हुई।

फिर शिवजी को जीतने के उद्देश्य से कामदेव ने अपनी माता लक्ष्मी द्वारा त्रिपुराम्बा का "सौभाग्याष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र" प्राप्त कर, मंदराचल की गुफा में बैठकर भगवती की आराधना की, फलतः उन्होंने स्वप्न में कामदेव को गुप्त 'पञ्चदशी-विद्या' का उपदेश किया। तत्पश्चात् कामदेव जब एकाग्रभाव से तीन

दिव्य वर्षों तक श्री माता की आराधना करता रहा तब भगवती ने प्रत्यक्ष प्रकट होकर, उसे 'अजेय' होने का वर दिया तथा अपने धनुष-वाण से धनुष-वाण उत्पन्न कर कामदेव को दिये।

बाद में दक्ष यज्ञ के समय पति की निन्दा सुनकर गौरी-यज्ञ कुण्ड में भस्मी-भूत हुईं तथा कालान्तर में हिमाचल के घर जन्म लेकर पुनः शिव-पत्नी बनीं। फिर तारकासुर के वध हेतु शिव के पुत्र को सेनापति बनाना आवश्यक होने पर, शिवजी की तपस्या भंग करने के लिए कामदेव ने उन पर अपने शस्त्रों का प्रयोग किया, जिसमें वह सफल रहा, परन्तु जब शिवजी ने अपने तृतीय नेत्र से उसे देखा तो वह जलकर भस्म हो गया।

कालान्तर में लक्ष्मी ने भी श्री विष्णु के रामावतार के समय सीता के रूप में पति-विरह का कष्ट पाया तथा कृष्णावतार के समय रुक्मिणी के रूप में सपत्नियों द्वारा क्लेश भी पाया। इस प्रकार सभी के शाप तथा वरदान फलप्रद रहे।

२ | श्री यन्त्र तत्त्वं

पिछले प्रकरण में बताया जा चुका है कि 'श्री विद्या' के द्वादश उपासकों के द्वारा उपासना-पद्धति के बारह सम्प्रदाय थे, परन्तु वर्तमान समय में केवल 'लोपामुद्रा' तथा 'मन्मथ'—ये दो सम्प्रदाय ही प्रचलित हैं। लोपामुद्रा-सम्प्रदाय की विद्या को 'हादि विद्या' एवं मन्मथ-सम्प्रदाय की विद्या को 'कादि विद्या' कहते हैं।'

तान्त्रिक-उपासना में यन्त्र को देवता का शरीर तथा मन्त्र को उसकी आत्मा माना गया है। इस उपासना विधि का ध्येय अद्वैत-सिद्धि है तान्त्रिक-उपासक के लिए सम्पूर्ण विश्व ही उसके इष्टदेव की मूर्ति है अतः साधक का शरीर भी विश्व की प्रतिमूर्ति होने के कारण उसी इष्टदेव का रूप है। यह तादात्म्य यन्त्रों के द्वारा होता है।

भगवती त्रिपुर सुन्दरी का यन्त्र 'श्रीयन्त्र' के नाम से प्रसिद्ध है। इसे यन्त्र-राज अथवा सर्वश्रेष्ठ यन्त्र भी कहते हैं। इसमें समस्त ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति तथा विकास को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही यह यन्त्र मानव-शरीर का द्योतक भी है।

श्री यन्त्र-लेखन

कुलाचार, समयाचार, सम्प्रदाय तथा आचार्य-भेद से श्रीयन्त्र-लेखन के अनेक प्रकारों का वर्णन पाया जाता है।

सामान्यतः श्रीयन्त्र (१) बिन्दु, (२) त्रिकोण, (३) अष्टार, (४) अन्तर्दशार, (५) बहिर्दशार, (६) चतुर्दशार, (७) अष्टदल पद्म, (८) षोडशदल पद्म तथा चतुरस्र—इन नव चक्रों से बनता है। श्रीमत् शकराचार्य ने भी 'सौन्दर्य लहरी' में श्री यन्त्र के इसी स्वरूप का वणन किया है। यथा—

"चतुर्भिः श्रीकण्ठैः शिव युवतिभिः पञ्चभिरपि
प्रभिन्नाभिः शम्भोर्नवभिरपि मूल प्रकृतिभिः।

चतुश्चत्वारिंशद्वसुदल कलाश्रत्रिबलयत्रिरेखाभिः
सार्धं तव शरणकोणाः परिणताः ॥"

(सौन्दर्य लहरी, ५१)

कुछ आचार्य षोडशदलपद्म के अनन्तर वृत्तत्रय को भी अतिरिक्त चक्र मानते हैं। यथा—

"विन्दुत्रिकोण वसुकोणदशार युग्म
मन्वस्रनागदल संयुत षोडशारम्।
वृत्तत्रयञ्च धरणीसदनत्रयञ्च
श्री चक्रराज मुदितं पर देवतायाः॥"

(यामल)

उनके मत से 'विन्दु' सर्व-व्यापक है, अतः वे उसकी गणना नव-चक्रों में नहीं करते।

कुछ आचार्य तथा आधुनिक-साधक भी चतुर्दशार के अनन्तर एक मर्यादा-वृत्त तथा अष्टदलकर्णिका के लिए एक वृत्त तथा अष्टदल के बाद भी षोडशदल-कर्णिका, तदनन्तर मर्यादा-वृत्त—इस प्रकार वृत्तत्रय बनाते हैं।

कोई मर्यादा-वृत्त न देकर केवल कर्णिका-वृत्त ही देते हैं तथा षोडशदल के अनन्तर अतिरिक्त वृत्तत्रय देते हैं।

कुछ उपासक वृत्त देते ही नहीं हैं। इसी भाँति चतुरस्र के विषय में भी मतभेद पाये जाते हैं। कोई एक रेखात्मक चार द्वार युक्त चतुरस्र मानते हैं, तो कोई तत्तद् दिशाओं में, विभिन्न संख्याओं से दो द्वारयुक्त चतुरस्र लिखते हैं। कोई चार रेखाओं का चतुर्द्वार तथा द्वादशद्वार भी लिखते हैं।

अधिकतर त्रिरेखात्मक चतुर्द्वार युक्त चतुरस्र ही पाया जाता है। अतः विन्दु से चतुर्दशार तक ही प्रधान मन्त्र माना जाता है। यथार्थ श्री यन्त्र शिव-शक्ति का सम्पुट स्वरूप है। चतुर्दशार तक ही नवचक्रों का अन्तर्भाव है। इनमें त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर्दशार, बहिर्दशार और चतुरस्र—ये पाँच शक्ति-चक्र हैं तथा विन्दु, अष्टदल, षोडशदल एवं चतुरस्र—ये चार शिव-चक्र उन पाँचों के अन्तर्भूत हैं। अर्थात् त्रिकोण में विन्दु, अष्टार में अष्टदल, दोनों दशार में षोडशार तथा चतुर्दशार में चतुरस्र अन्तर्भूत हैं।

इस प्रकार इस यन्त्र में शिव-शक्ति का पारस्परिक अविनाभावरूप सम्मिश्रण है, अतः चतुर्दशार तक ही प्रधान यन्त्र की सीमा है। चतुर्दशार के बाहर

लिखना केवल शिष्य के बुद्धि-विकास के लिए ही है। यही सर्वसम्मत सिद्धान्त भी है।

प्रायः सर्वत्र प्रचलित 'वामकेश्वर-तन्त्र' के आधार पर यन्त्र-लेखन प्रकार का दिग्दर्शन कराने हेतु सर्व प्रथम उपयोगी-परिभाषाओं को लिखा जाता है। यथा—

(१) दिशा—साधक जिस दिशा की ओर मुख करके यन्त्र-लेखन करे, उसे पूर्व दिशा समझ कर, अन्य दिशाओं की कल्पना उसी के आधार पर कर लेनी चाहिए।

(२) शक्ति—ईशान से अग्निकोण तक एक सीधी रेखा खींचकर तथा दोनों कोणों से दो आड़ी रेखाएँ खींचकर पश्चिम में जोड़ देने से जो अपने सन्मुख एक अधोमुख त्रिकोण बनेगा, वह 'शक्ति त्रिकोण' होगा। इसी को शक्ति, पार्वती, योनि आदि शब्दों से भी व्यक्त किया जाता है।

(३) शिव—वायव्य कोण से नैर्ऋत्य कोण तक एक सीधी रेखा खींचकर, इन दोनों कोणों से दो रेखाएँ ऊपर की ओर लेजाकर पूर्व दिशा में मिला देने से जो ऊर्ध्वमुख-त्रिकोण बनेगा, उसी की शिव, वह्नि, महेश्वर अथवा अग्नि आदि संज्ञा होती है।

उक्त विधि से शक्ति के तीन कोण ईशान, आग्नेय तथा पश्चिम एवं शिव के तीन कोण वायव्य, नैर्ऋत्य तथा पूर्व कोण नाम से प्रसिद्ध हैं।

(४) पार्श्व-रेखा – वाम तथा दक्षिण ओर की आड़ी रेखाओं को 'पार्श्व-रेखा' कहते हैं। कहीं-कहीं इन्हें 'ऊर्ध्व रेखा' और 'अधो रेखा' भी कहा जाता है।

(५) तिर्यक् रेखा – ईशान से आग्नेय तक तथा वायव्य से नैर्ऋत्य तक खींची गई रेखाएँ 'तिर्यक् रेखा' कही जाती है। इन्हें 'पूर्व-रेखा तथा पश्चिम रेखा' भी कहा जाता है।

(६) भेदन – एक रेखा के ऊपर दूसरी रेखा के आ जाने को 'भेदन' कहते हैं।

(७) सन्धि - 'भेदन' करने वाली दोनों रेखाओं के संयोग को 'सन्धि' कहते हैं।

(८) मर्म —'भेदन' करने वाली तीन रेखाओं के संयोग को 'मर्म' कहते हैं।

(९) ग्रन्थि—मर्म तथा सन्धि को 'ग्रंथि' कहा जाता है।

(१०) डमरू—शक्ति के पश्चिम-कोण तथा वह्नि (शिव) के पूर्व-कोण के मिलने से 'डमरू' बनता है।

(११) वृत्त—चन्द्राकार रेखा को 'वृत्त' कहा जाता है।

(१२) परिवेष – चतुरस्र रेखा को 'परिदेष' कहते हैं।

(१३) भूपुर—त्रिरेखात्मक वृत्त को 'भूपुर' कहते हैं।

यन्त्र-लेखन हेतु सर्वप्रथम शक्ति-त्रिकोण बनाकर, उसे मध्य भाग में उत्तर से दक्षिण की ओर एक तिर्यक् रेखा से भेदन करें। इस तिर्यक् (तिरछी) रेखा के दोनों सिरों से दा पार्श्व-रेखाएँ खींचकर, प्रथम शक्ति के पश्चिम कोण के पश्चिम की ओर मिलादें। यह दूसरी शक्ति बन गई।

पूजा-क्रम के अनुसार प्रथम शक्ति के भेदन से बने हुए त्रिकोण के मध्य में विन्दु रख देना चाहिए।

अव प्रथम शक्ति की तियक् रेखा के मध्य भाग से कुछ ऊपर पूर्व की ओर से दोनों भागों में सन्धि तथा मर्म वनाती हुई दो पार्श्व-रेखाएँ खींचें। इसी प्रकार प्रथम शक्ति के पश्चिमकोण को पश्चिम की ओर से स्पर्श करती हुई वायव्य से नैर्ऋत्य की आर एक तिर्यक्-रेखा खींचें और उन पार्श्व-रेखाओं का इसके दोनों सिरों से जोड़ दें। यह प्रथम 'वह्नि' (शिव) बन गया।

इस प्रकार आठों दिशाओं में आठ त्रिकोणों से अष्टार तथा मध्य में एक त्रिकोण और उसके मध्य में विन्दु होने से विन्दु, कोण तथा अष्टार—तीन यन्त्र बन गये। इन तीन यन्त्रों से निर्मित यह चक्र 'नवयोनिचक्र' के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसमें नौ त्रिकोण, छः सन्धि, दा मर्म तथा दो डमरू होते हैं। प्रथम शक्ति की वाम एवं दक्षिण रेखाओं से वह्नि की पार्श्व-रेखाओं का दानों दिशाओं में संयोग होने से और पुनः द्वितीय शक्ति की तिर्यक्-रेखा द्वारा भेदन होने से उत्तर-दक्षिण मर्म वन गये। सन्धि और डमरू की प्रक्रिया इसी प्रकार समझनी चाहिए।

अव अन्तर्दशार की विधि को समझ लें—

उपर्युक्त नौ योनि वाले चक्र में पहली शक्ति की तिर्यक्-रेखा को दोनों सिरों की ओर कुछ बढ़ायें तथा उस बढ़ी हुई रेखा के दोनों सिरों से दो पार्श्व-रेखा दूसरी शक्ति के पश्चिम कोण से कुछ पश्चिम में जोड़ दें।

यह तीसरी शक्ति बन गई। इसके भीतर पूर्व त्रिकोण को छोड़कर सम्पूर्ण यन्त्र आ जाता है।

अव प्रथम वह्नि की तिर्यक्-रेखा को उसी प्रकार दोनों ओर को वढ़ायें तथा उस बढ़ी हुई रेखा के दोनों सिरों से दो पार्श्व-रेखाएँ खींचकर, प्रथम वह्नि के पूर्व-कोण को कुछ पूर्व की ओर लेजाकर मिलादें। इस प्रकार दूसरा वह्नि त्रिकोण वन गया। इस चक्र में ६ कोण और बढ़ गये तथा तीसरी शक्ति एवं दूसरे वह्नि के संयोग से दोनों पार्श्वों में दो डमरू भी बन गये।

फिर प्रथम शक्ति की पार्श्व-रेखाओं को क्रमशः ईशान तथा आग्नेयकोण में ऊपर प्रथम वह्नि के पूर्वकोण तक बढ़ा कर, प्रथम वह्नि के पूर्व कोण को स्पर्श करती हुई तिर्यक्-रेखा से उक्त पार्श्व-रेखाओं के सिरों को जोड़ दें। इस प्रकार प्रथम वह्नि की दोनों पार्श्व रेखाओं को वायव्य तथा नैर्ऋत्य-कोण में द्वितीय शक्ति के पश्चिम कोण तक बढ़ाकर इसी कोण को स्पर्श करती हुई तिर्यक्-रेखा से बढ़ी हुई पार्श्व-रेखाओं के सिरों को जोड़ दें। इस प्रकार चार कोण और बढ़ जाने से अन्तर्दशार बन जाता है।

अब 'बहिर्दशार' की विधि बताते हैं—

प्रथम वह्नि तथा द्वितीय वह्नि की मध्यवर्तिनी आद्य-शक्ति की पूर्व दिशा में स्थित तिर्यक्-रेखा के दोनों कोणों को (अन्तर्दशार के द्वितीय तथा दशम कोण को) क्रमशः ईशान तथा आग्नेय की ओर बढ़ाकर, ईशान-आग्नेय कोण बनाती हुई दो पार्श्वरेखाएँ नीचे की ओर खींच कर तृतीय शक्ति के पश्चिम कोण से कुछ पश्चिम की ओर लेजाकर मिलादें।

यह बहिर्दशार बनाने वाली चतुर्थ शक्ति बन गई।

फिर, प्रथम वह्नि की पश्चिम रेखा के दोनों कोणों को (अर्थात् अन्तर्दशार के पाँचवें एवं सातवें कोणों को) उत्तर-दक्षिण की ओर बढ़ा कर, उत्तर-दक्षिण कोण बनाती हुई, उसके दोनों सिरों से दो पार्श्व रेखाएँ चतुर्थ शक्ति की दोनों पार्श्व-रेखाओं को भेदन करती हुई, द्वितीय वह्नि के पूर्व-कोण से पूर्व की ओर लेजाकर मिलादें।

यह बहिर्दशार का घटक तृतीय वह्नि बन गया। इस प्रकार अन्तर्दशार के ऊपर एक षट्कोण बन जाएगा। तत्पश्चात् आद्य-शक्ति की वाम तथा दक्षिण रेखाओं को ईशान एवं अग्नि कोण की ओर द्वितीय वह्नि के पूर्वकोण के बराबर तक बढ़ाकर, उनके सिरों को द्वितीय वह्नि के पूर्व-कोण को स्पर्श करती हुई तिर्यक्-रेखा से जोड़ दें तथा आद्य वह्नि की दोनों पार्श्व-रेखाओं को क्रमशः नीचे वायव्य-नैर्ऋत्य कोण की ओर तृतीय शक्ति के पश्चिमकोण के बराबर तक बढ़ाकर, उक्त कोण को स्पर्श करती हुई एक तिर्यक्-रेखा खींचकर, उसके द्वारा उक्त पार्श्व रेखाओं को जोड़ दें। इस प्रकार 'बहिर्दशार' बन गया।

अब 'चतुर्दशार' की विधि बताते हैं—

चतुर्थ शक्ति को पूर्व की दिशा में स्थित तिर्यक्-रेखा को (अर्थात् बहिर्दशार के तीसरे एवं नवमकोण को) क्रमशः उत्तर-दक्षिण की ओर बढ़ाकर, उस बढ़ी हुई रेखा के दोनों सिरों से दो पार्श्व-रेखाएँ नीचे की ओर खींचकर चतुर्थ शक्ति के पश्चिम-कोण से पश्चिम में लेजाकर मिलादें।

यह चतुर्दशार बनाने वाली पंचम शक्ति बन गई ।

इसी प्रकार तृतीय वह्नि की पश्चिम दिशा में स्थित तिर्यक्-रेखा के दोनों कोणों (अर्थात् बहिर्दशार के चौथे, आठवें कोणों) को क्रमशः वायव्य-नैर्ऋत्य की ओर बढ़ाकर, बढ़ी हुई रेखा के दोनों अग्र-कोणों से पूर्व की ओर दो पार्श्व रेखाएँ पञ्चम शक्ति की पार्श्व-रेखाओं को भेदन करती हुई खींचकर तृतीय वह्नि के पूर्वकोण में ले जाकर मिलादें। यह चतुर्थ वह्नि बन गया। इस पंचम शक्ति तथा चतुर्थ वह्नि के योग से चतुर्दशार का सम्पादक षट्कोण बन गया।

फिर चतुर्थ शक्ति की पार्श्वरेखाओं को क्रमशः ईशान-आग्नेय की ओर बढ़ायें तथा इसी प्रकार आद्य-शक्ति की पूर्व रेखा के दोनों सिरों को क्रमशः ईशान-आग्नेय की ओर बढ़ाकर चतुर्थ शक्ति की पार्श्व-रेखाओं के सिरों से जोड़ दें। पुनः आद्य-शक्ति की दोनों पार्श्व-रेखाओं को यहाँ तक बढ़ायें कि वे चतुर्थ वह्नि की पार्श्वरेखाओं का भेदन करती हुई तृतीय वह्नि के पूर्वकोण के बराबर पहुँच जायें। फिर उक्त कोण को स्पर्श करती हुई एक पूर्व-रेखा खींचकर, उससे इन पार्श्व-रेखाओं के सिरों को जोड़ दें। इस प्रकार चक्र के पूर्वभाग में चार कोण और बढ़ जायेंगे। तत्पश्चात् वह्नि की पार्श्व रेखाओं को क्रमशः वायव्य-नैर्ऋत्य की ओर बढ़ायें तथा आद्य-वह्नि की पश्चिम रेखा के दोनों कोणों को क्रमशः वायव्य-नैर्ऋत्य की ओर बढ़ाकर, उक्त पार्श्व-रेखाओं को इस रेखा से मिलादें। इसी प्रकार आद्य-वह्नि की पार्श्व-रेखाओं को क्रमशः वायव्य-नैर्ऋत्य की ओर चतुर्थ शक्ति के पश्चिम कोण के बराबर तक बढ़ायें तथा इस कोण को स्पर्श करती हुई एक पश्चिम रेखा खींचकर उससे उक्त रेखाओं के सिरों को मिलादें। इस प्रकार 'चतुर्दशार' बन जाएगा।

अब इसके बाह्य भाग में शिव-चक्र लेखन की विधि लिखी जाती है।

पूर्व लिखित अनुसार मर्यादा वृत्त एवं कर्णिका वृत्त बनाकर अथवा न बनाकर, उक्त चक्र को १६ भागों में विभाजित करें, फिर एक-एक के अन्तर से अष्टदल-कमल बनायें, तदनन्तर (मतान्तर से) कर्णिका वृत्त बना कर, उसके बत्तीस भाग करके, एक-एक भाग के अन्तर से षोडशदल कमल बनायें। फिर (मतान्तर से) मर्यादा-वृत्त अथवा वृत्तत्रय देकर भूपुर के लिए चार द्वारों सहित अथवा (मतान्तर से) बिना द्वार के ही एक रेखा, तीन रेखा अथवा चार रेखाएँ खींचें।

उक्त विधि से सम्पूर्ण 'श्री यन्त्र' बन जाता है।

उपर्युक्त 'श्रीयन्त्र-लेखन-विधि' को कोई-कोई आचार्य 'सृष्टि-क्रम' का लेखन कहते हैं। समयाचार-मत वाले इस सृष्टि-क्रम से लिखित श्री यन्त्र को ही पूज्य मानते हैं, परन्तु कुलाचार में इस यन्त्र को 'संहार-क्रम' से ही लिखा जाता है।

संहार-क्रम में वृत्त से प्रारंभ कर, विन्दु पर समापन किया जाता है।

स्वामी शंकराचार्य समय-मत को मानने वाले थे। समय-मत के अनुयायी सृष्टि-क्रम वाले यन्त्र की ही पूजा करते हैं।

'संहार-क्रम' के अनुसार निर्मित 'श्रीयंत्र' में पाँच शक्ति त्रिकोण अधोमुखी तथा चार शिव-त्रिकोण ऊर्ध्वमुखी बनाये जाते हैं।

नीचे सृष्टि-क्रम के अनुसार निर्मित दोनो श्रीयन्त्रों के अलग-अलग चित्र प्रदर्शित हैं।

(श्रीयन्त्र का सृष्टिक्रम स्वरूप)

कौलमत के अनुयायी संहार-क्रम के श्री यन्त्र की पूजा करते हैं। कौल लोग काश्मीर-सम्प्रदाय के हैं।

'श्री-यन्त्र' में नौ त्रिकोण निराकार शिव की नौ मूल-प्रकृतियों के द्योतक हैं। इन नौ त्रिकोणों के सम्मिलन से ४३ छोटे-छोटे त्रिकोण बनते हैं। भीतरी

वृत्त के वाहर अष्टदल कमल, उसके वाहर षोडश दल कमल तथा इन सबके वाहर भूपुर है।

(श्रीयन्त्र का संहार-क्रम स्वरूप)

श्रीयन्त्र के ६ चक्र

'श्रीयन्त्र' के ६ चक्र निम्नलिखित क्रम से हैं—

(१) बिन्दु तथा महाबिन्दु—यह मूल कारण रूप है, महात्रिपुर सुन्दरी, कामेश्वर-कामेश्वरी-सामरस्य, जगत् की मूल योनि तथा शिवभाव का प्रतीक है।

(२) त्रिकोण—यह आद्या विमर्श शक्ति अथवा जीवभाव; शब्द-अर्थ रूप, सृष्टि की कारणात्मिका पराशक्ति, अहंभाव एवं जीव तत्त्व का प्रतीक है।

(३) 'अष्टार' अर्थात् आठ त्रिकोणों का समूह—यह पुर्यष्टक, कारण शरीर—लिङ्ग शरीर का कारण प्रतीक है।

(४) 'बहिर्दशार' अर्थात् दस त्रिकोणों का समूह—यह तन्मात्रा तथा पञ्चभूत (इन्द्रिय विषय) का प्रतीक है।

(५) 'चतुर्दशार' अर्थात् चौदह त्रिकोणों का समूह—यह जाग्रत् स्थूल शरीर का प्रतीक है।

(६) अष्टदल कमल—यह अष्टारवासना का प्रतीक है।

(७) शोडषदल कमल—यह दशारद्वय वासना का प्रतीक है।

(८) भूपुर—यह बिन्दु, त्रिकोण, अष्टदल, षोडशदल—इन चारों की समष्टि, प्रमातृपुर और प्रमाणपुर का—पशुपदीय प्रकृति, मन, बुद्धि, अहङ्कार एवं शिवपदीय शुद्ध विद्यातत्त्व चतुष्टय का सामरस्य है।

'श्रीयन्त्र' के उक्त ९ चक्रों तथा उनके अधिष्ठात्री देवता के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं—

चक्र का नाम		अधिष्ठात्री देवता
(१) सर्वानन्दमय	—	महात्रिपुर सुन्दरी।
(२) सर्वसिद्धिप्रद	—	त्रिपुराम्बा।
(३) सर्व रोगहर	—	त्रिपुर सिद्धा।
(४) सर्व रक्षाकर	—	त्रिपुर मालिनी।
(५) सर्वार्थ साधक	—	त्रिपुराश्री।
(६) सर्वसौभाग्यदायक	—	त्रिपुरवासिनी।
(७) सर्वसंक्षोभण कारक	—	त्रिपुर सुन्दरी।
(८) सर्वाशापरिपूरक	—	त्रिपुरेशी।
(९) त्रैलोक्य मोहन	—	त्रिपुरा।

ये ही नवावरण—पूजा के नौ देवता है।

मतान्तर से इन्हें—(१) प्रकटा, (२) गुप्ता, (३) गुप्ततरा, (४) परा, (५) सम्प्रदाया, (६) कुलकौला, (७) निगर्भा, (८) अतिरहस्या, (९) परारहस्या, (१०) परापराति रहस्या आदि नामों से भी पुकारते हैं।

श्रीयन्त्र का शब्दार्थ

'श्रीयन्त्र' का सरल शब्दार्थ है—श्री का यन्त्र अर्थात् श्री का घर। चूंकि गृह में ही सब वस्तुओं का नियन्त्रण होता है, अतः श्रीविद्या को ढूंढने के लिए उसके गृह 'श्रीयन्त्र' की ही शरण लेनी होती है। यह विश्व ही श्री विद्या का गृह हैं। यहाँ विश्व' शब्द से 'ब्रह्माण्ड' तथा 'पिण्डाण्ड'—दोनों का ग्रहण है। 'मायाण्ड' तथा 'प्रकृत्यण्ड' भी स्थूल-सूक्ष्म रूप से इन्ही के अन्तर्गत आ जाते हैं।

'श्री' शब्द का अर्थ है—'श्रयते या सा श्रीः'—अर्थात् जो श्रयण की जाय, वही श्री है। श्रयणार्थक धातु सकर्मं है, अतः वह कर्म की अपेक्षा रखता है।

आगम के अनुसार श्री का श्रमण-कर्म हरि (ब्रह्म) के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हो सकता। अतः जो नित्य परब्रह्म का आश्रयण करती है, वही श्री है।

जिस प्रकार प्रकाश या उष्णता अग्नि से अभिन्न है, और उसके बिना नहीं ठहर सकती। उसी प्रकार ब्रह्म से उसकी शक्ति श्री भी अभिन्न है और उससे कभी अलग नहीं हो सकती।

यह श्रीयन्त्र स्वरूप त्रिपुर सुन्दरी का गृह जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति तथा प्रमाता, प्रमेय, प्रमाण रूप से 'त्रिपुरात्मक' तथा सूर्य, चन्द्र, अग्नि भेद से त्रिखण्डात्मक कहलाता है।

इस प्रकार जैसे 'श्रीचक्र' विश्वमय है, उसी प्रकार शब्द-सृष्टि में मातृकामय है। इससे सिद्ध हुआ कि श्रीयन्त्र ब्रह्माण्ड एवं पिण्डाण्ड स्वरूप है। इसकी रचना दो-दो त्रिकोणों के परस्पर श्लेष से होती है। इस प्रकार इसमें ९ त्रिकोण होते हैं। ऐसी रचना से पिण्डाण्ड के भीतर ब्रह्माण्ड एवं ब्रह्माण्ड के भीतर पिण्डाण्ड का समावेश सूचित होता है।

'श्रीयन्त्र' को सृष्टि, स्थिति, प्रलयात्मक माना गया है। इसमें बिन्दु-चक्र शिव की मूल प्रकृति से बना हाने के कारण प्रकृति स्वरूप है। शेष आठ चक्र प्रकृति-विकृति उभयात्मक हैं। सम्पूर्ण श्रीचक्र इस प्रकार भी त्रितयात्मक है। विन्दु, त्रिकोण, अष्टार 'सृटि चक्र' हैं' दशारद्वय तथा चतुर्दशार 'स्थित चक्र' हैं एवं अष्टदल' षोडशदल, तथा भूपुर (चतुरस्र) 'संहार चक्र' है। अर्थात विन्दु से आरंभ कर भूपुरान्त चक्र को 'सृष्टि-क्रम' एवं भूपुर से प्रारंभ कर विन्दु-अन्त तक चक्र को 'संहार-क्रम' कहते हैं। इसके प्रत्येक खण्ड में आदि-मध्य-अन्त अथवा इच्छा-ज्ञान-किया रूप से त्रिपुरी समझनो चाहिए। सामान्यतः यही श्रोचक्र' का संक्षिप्त-परिचय है।

श्री यन्त्र के चक्रों का रहस्य

श्रो यन्त्र के पूर्वोक्त ९ चक्रों का रहस्य यथाक्रम निम्नानुसार है—

१. प्रथम चक्र का केन्द्रस्थ 'विन्दु' भगवती त्रिपुर सुन्दर अथवा ललिता का रूप है। यह विन्दु नाद तथा विन्दु ँ के तीन विन्दुओं के संयोग से बना है।

भगवती के चारों अस्त्र राग, द्वेष, मन तथा पञ्चतन्मात्राओं के द्योतक हैं। इन्हीं बन्धनों के द्वारा देवी निराकार सदाशिव को साकार लीला में प्रयुक्त करती है।

तन्त्रों में सुधासिन्धु तथा उसमें स्थित मणिद्वीप का वार-वार उल्लेख आता है। इसी मणिद्वीप में संयुक्त शक्ति-शिव निवास करते हैं। यही मणिद्वीप इस 'विन्दु' द्वारा प्रदर्शित किया गया है। मनुष्यों में इसी को (हृत्पुण्डरीक) (हृदय-कमल) कहते हैं।

प्रथम चक्र की अधिष्ठात्री ललिता अथवा महात्रिपुर सुन्दरी अपनी आवरण देवताओं के भेद से कहीं तो षोडश नित्याओं में मुख्य मानी गई हैं, कहीं अष्ट मातृकाओं में सर्वश्रेष्ठ कही गई है तथा कहीं अष्ट वशिनी देवताओं की अधिनायिका के रूप में उल्लिखित हैं। ये भेद प्रस्तार-भेद से हुए हैं तथा यथाक्रम इन तीनों प्रस्तारों के नाम मेरु, कैलाश तथा भूः प्रस्तार हैं। यही श्री यन्त्र की उपासना के मुख्य प्रकार भी हैं।

२. यह चक्र एक 'त्रिकोण' वाला है। इस त्रिकोण के तीनों कोण कामरूप, पूर्णगिरि तथा जालन्धर पीठ हैं। इनके मध्य में 'औड्याण पीठ' है। पूर्वोक्त तीनों पीठों की अधिष्ठात्री देवता कामेश्वरी, वज्रेश्वरी तथा भगमालिनी हैं। ये प्रकृति, महत् तथा अहंकार रूपा है।

३. इस चक्र के 'अष्टार' (आठ त्रिकोणों) की अधिष्ठात्री देवता—(१) वशिनी, (२) कामेश्वरी, (३) मोहिनी, (४) विमला, (५) अरुणा, (६) जयिनी, (७) सर्वेश्वरी तथा (८) कौलिनी क्रमशः शीत, उष्ण, सुख, दुख, इच्छा, सत्व, रज तथा तम की स्वामिनी है। इस चक्र का साधक गुणों पर अधिकार करने एवं द्वन्द्वातीत होने में समर्थ होता है।

४ इस चक्र के 'अन्तर्दशार' (दस त्रिकोणों) की शक्तियाँ—(१) सर्वज्ञा, (२) सर्वशक्तिप्रदा, (३) सर्वैश्वर्यप्रदा, (४) सर्वज्ञानमयी, (५) सर्वव्याधिनाशिनी, (६) सर्वाधारा, (७) सर्वपापहारा, (८) सर्वानन्दमयी, (९) सर्वरक्षा तथा (१०) सर्वेप्सित फलप्रदा है. जो क्रमशः रेचक, वाचक, शोषक, दाहक, प्लावक, क्षारक, उद्धारक, क्षोपक, जुम्भक तथा मोहक वह्निकलाओं की अधिष्ठात्री हैं।

५. इस चक्र के 'बहिर्दशार' के दस त्रिकोणों की दस अधिष्ठात्री देवता दस प्राणों की स्वामिनी हैं। इनके नाम हैं—(१) सर्व सिद्धिप्रदा, (२) सर्व सम्पत्प्रदा, (३) सर्वप्रियङ्करी, (४) सर्वमङ्गलकारिणी, (५) सर्वकामप्रदा, (६) सर्वदुःख विमोचिनी, (७) सर्वमृत्युप्रशमनी, (८) सर्वविघ्न निवारिणी, (९) सर्वाङ्गसुन्दरी और (१०) सर्वसौभाग्य दायिनी।

६ इस चक्र के 'चतुर्दशार' के चौदह त्रिकोण चौदह मुख्य नाड़ियों के द्योतक हैं। इन नाडियों के नाम हैं—(१) अलम्बुसा, (२) कुहु, (३) विश्वोदरी, (४) वारणा, (५) हस्ति जिह्वा, (६) यशोवती, (७) पयस्विनी, (८) गान्धारी, (९) पूषा, (१०) शंखिनी, (११) सरस्वती, (१२) इडा (१३) पिङ्गला तथा (१४) सुषुम्णा।

इन नाड़ियों की अधिष्ठात्री देवियों के नाम हैं—(१) सर्वसंक्षोभिणी, (२) सर्वविद्रावणी, (३) सर्वाकर्षिणी, (४) सर्वाह्लादिनी, (५) सर्वसम्मोहिनी, (६) सर्व स्तम्भिनी, (७) सर्वजृम्भिनी, (८) सर्ववशङ्करी, (९) सर्वारञ्जनी, (१०) सर्वोन्मा-

दिनी, (११) सर्वार्थ साधनी, (१२) सर्वसम्पत्तिपूरणी, (१३) सर्वमन्त्रमयी तथा (१४) सर्वद्वन्द्वक्षयङ्करी।

७. इसचक्र के 'अष्टदल' (१) वचन, (२) आदान, (३) गमन, (४) विसर्ग, (५) आनन्द, (६) हान, (७) उपादान तथा (८) उपेक्षा—की बुद्धियों के स्थानापन्न हैं। इनकी अधिष्ठात्री देवियाँ हैं—(१) अनङ्गकुसुमा, (२) अनङ्गमेखला, (३) अनङ्गमदना, (४) अनङ्गमदनातुरा, (५) अनङ्गरेखा, (६) अनङ्गवेगिनी, (७) अनङ्गमदनांकुशा एवं (८) अनङ्गमालिनी।

८. इस चक्र के 'षोडशदल' का सम्बन्ध (१) मन, (२) बुद्धि, (३) अहङ्कार, (४) शब्द, (५) स्पर्श, (६) रूप, (७) रस, (८) गन्ध, (९) चित्त, (१०) धैर्य, (११) स्मृति, (१२) नाम, (१३) वार्धक्य, (१४) सूक्ष्म-शरीर, (१५) जीवन तथा (१६) स्थूल-शरीर से है। इनकी अधिष्ठात्री देवियाँ हैं—(१) कामाकर्षिणी, (२) बुद्धया, कर्षिणी, (३) अहङ्कार कर्षिणी, (४) शब्दाकर्षिणी, (५) स्पर्शाकर्षिणी, (६) रूपाकर्षिणी, (७) रसाकर्षिणी, (८) गन्धाकर्षिणी, (९) चित्ताकर्षिणी, (१०) धैर्याकर्षिणी, (११) स्मृत्याकर्षिणी, (१२) नामाकर्षिणी, (१३) बीजा कर्षिणी, (१४) आत्माकर्षिणी, (१५) अमृताकर्षिणी तथा (१६) शरीराकर्षिणी।

९. नवांचक्र 'भूपुर' है। इसके चार विमान है—(१) षोडशदल कमल के बाहरी चारों वृत्तों के परे तडाग जैसा स्थल, (२) इसस्थल से संलग्न पहली वाह्य रेखा, (३) दूसरी वाह्य रेखा तथा (४) सबसे बाहर वाली रेखा। इन चारों विभागों में क्रमशः १० सिद्धियों की स्थिति है। उनके नाम इस प्रकार हैं—

मुद्रा शक्तियाँ—(१) सर्व संक्षोभिणी, (२) सर्व विद्राविणी, (३) सर्वाकर्षिणी, (४) सर्वावेशकारिणी, (५) सर्वोन्मादिनी, (६) महांकुशा, (७) खेचरी, (८) बीजमुद्रा, (९) महायोनि और (१०) त्रिखण्डिका। इनका सम्बन्ध दस आधारों से है। इन आधारों के रूप में ही श्रीयन्त्र तथा षट्चक्रों का तारात्म्य सिद्ध होता है।

दश दिक्पाल—इनके नामों से सभी सुपरिचित होंगे ही। ये विघ्न-निवारण तथा साधक की रक्षा करते हैं।

अष्ट मातृकाएँ—(१) ब्राह्मी, (२) माहेश्वरी, (३) कौमारी, (४) वैष्णवी, (५) वाराही, (६) ऐन्द्री, (७) चामुण्डा एवं (८) महालक्ष्मी। इनकी पूजा का लक्ष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, पाप तथा पुण्य पर विजय-प्राप्ति होती है।

दस सिद्धियाँ—अणिमा महिमा आदि है। इनका सम्बन्ध नौ रसों तथा नियति (भाग्य) से होता है।

पूजन-रहस्य

तन्त्र शास्त्र में 'श्रीयन्त्र' पूजन वाह्य तथा आभ्यन्तर भेद से दो प्रकार का बताया गया है।

बाह्य-पूजा के क्रम में श्रीयन्त्र का लेखन पूर्वोक्त विधि के अनुसार किया जाता है। परन्तु इसे लिखने से पूर्व साधक को उचित है कि वह सुयोग्य गुरु से दीक्षा लेकर ही किसी शुभ-मुहूर्त में उपासना करे, अन्यथा इससे फल मिलना तो दूर, उलटे अनिष्ट होने की संभावना बनी रहेगी। यन्त्र-लेखनोपरान्त गुरु द्वारा निर्देशित-विधि से षोढान्यासादि करके श्रीचक्रन्यास तथा भूतशुद्धि आदि से अपना शरीर शुद्ध कर मन्त्र में नियमानुसार देवताओं का आवरण-पूजन करे। फिर गुरु पादुका पूजन करके, वलि पूजोपहार चढ़ाकर यन्त्र का विसर्जन करे।

ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय तथा होता, अर्घ्य और हवि-इन त्रिपुरियों की अभेद-भावना ही अभ्यन्तर-पूजा है। यह भावना-अधिकारी भेद से तीन प्रकार की होती है—(१) सकल-भावना, (२) सकल-निष्कल भावना तथा (३) निष्कल भावना। इनमें निष्कल-भावना उत्तम अधिकारी के लिए है। इसमें केवल महाविन्दु में ही विन्दु आदि नव चक्रों के पारस्परिक-भेद के बिना निर्विषयक चित्स्वरूप कामकला की भावना करनी पड़ती है। यह सर्वोत्तम साधना है। इसे ही 'सकल-भावना' कहते हैं।

मध्यम श्रेणी के साधक के लिए विन्दु से लेकर अर्द्धचन्द्र, पाद चन्द्र, कला-चन्द्र नाद-शक्ति, व्यापिका, रोधिनी, समना, उन्मना आदि नौ चक्रों में श्री के उपर्युक्त नौ चक्रों की ऐक्य-भावना करना उत्तम रहता हैं। इसी को 'सकल-निष्कल भावना' कहते हैं।

तृतीय श्रेणी के उपासक को श्रीयन्त्र के सामान्य-विवेचन में कथित शरीर चक्रों के साथ ऐक्य भावना करनी चाहिए। यही 'निष्कल भावना' हैं। इस भावना-भेद से अधिकारी भी (१) विज्ञान केवल, (२) शुद्ध तथा (३) अशुद्ध—इन तीन प्रकारों के होते हैं।

३ | षोडशी-मन्त्र साधन

'मन्त्र महोदधि' में 'षोडशी महाविद्या का मन्त्र निम्नानुसार वर्णित है—

मन्त्र

"श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः ॐ ह्रीं श्रीं कएईल ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं।"

यह अट्ठाईस अक्षर का मन्त्र है। षडक्षरा (ॐ ह्रीं श्रीं कएईल ह्रीं हस-कहल ह्रीं सकल ह्रीं) विद्या को श्री, माया, काम, वाग् एवं शक्ति—इन पाँचों बीजों से सम्पुटित कर देने पर अनेक पुण्यों का फल देने वाली 'षोडशाक्षरी श्री विद्या' बनती है।

विनयोग

"अस्य श्री त्रिपुर सुन्दरी मन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिऋषिः पंक्तिश्छन्दः श्रीमत्त्रिपुर सुन्दरी देवता ऐं बीजं सौः शक्तिः क्लीं कीलकं ममाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।"

टीका—इस त्रिपुर सुन्दरी मन्त्र के दक्षिणामूर्त्ति ऋषि, पंक्ति छन्द, श्रीमद्त्रिपुरसुन्दरी देवता, ऐं बीज, सौः शक्तिः तथा क्लीं कीलक है। अभीष्ट कार्य की सिद्धि हेतु जप में इसका विनियोग है।

एक अन्य तन्त्र में भगवती त्रिपुरसुन्दरी का एक अन्य मन्त्र निम्नानुसार पाया जाता है—

मन्त्र

"ह्रीं कएईल ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं।"

टिप्पणी—उक्त षोडशाक्षर मन्त्र में कुछ मातृकाविन्यास का अन्तर है तथा इस मन्त्र के आनन्द भैरव ऋषि एवं गायत्री छन्द है।]

उक्त दोनों मन्त्र के 'न्यासादि' सब क्रियाऐं एक जैसी ही है। मन्त्र के 'न्यास' आदि निम्नानुसार किये जाते हैं—

ऋष्यादि न्यास:

"दक्षिणामूर्ति ऋषये नमः शिरसि।
पंक्तिश्छन्दसेनमः मुखे।
श्रीमत्त्रिपुर सुन्दरी देवतायै नमः हृदि।
ऐं बीजाय नमः गुह्ये।
सौः शक्तये नमः पादयोः।
क्लीं कीलकाय नमः नाभौ।
विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।"

(इति ऋष्यादि न्यासः)

कर-शुद्धिन्यास

इस महाविद्या के सभी न्यास प्रारंभ में 'माया' एवं 'श्री' वीज लगाकर करने चाहिए।

विन्दु सहित श्रीकण्ठ एवं अनन्त (अं आ) तथा विसर्ग सहित 'सौ' (सौः)— इन वर्णों के अन्त में 'नमः' लगाकर क्रमशः मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठिका, फिर अङ्गुष्ठ तर्जनी तथा करतल कर पृष्ठ में न्यास करना चाहिए। इसे 'कर-शुद्धि न्यास' कहते हैं। यथा—

"ह्रीं श्रीं अं मध्यमाभ्यां नमः।
ह्रीं श्रीं आं अनामिकाभ्यां नमः।
ह्रीं श्रीं सौः कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
ह्रीं श्रीं अं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
ह्रीं श्रीं आं तर्जनीभ्यां नमः।
ह्रीं श्रीं सौः करतलकर पृष्ठभ्यां नमः।"

(इति कर शुद्धि न्यासः)

आसनन्यास

इसके वाद आसन-न्यास करें। इस न्यास के समस्त मन्त्रों के प्रारम्भ में 'माया' एवं 'श्री' वीज लगायें। फिर प्रत्येक आसन के पहले उसके निर्दिष्ट वीज तथा अन्त में 'नमः' लगाकर न्यास करना चाहिए। यथा—

"ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं सौः देव्यासनाय नमः—पादयो ।
ह्रीं श्रीं ह्रैं हसक्लौं हसौः चक्रासनाय नमः—जंघयो ।
ह्रीं श्रीं हसैं हसक्लीं हसौः सर्वमन्त्रासनाय नमः—जानुनोः ।
ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं क्लों साध्य सिद्धासनाय नमः—लिङ्गे ।"

(इति आसन न्यासः)

हृदयादि षडङ्गन्यास

इसके बाद निम्नानुसार हृदयादि षडङ्गन्यास करें—

"श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः हृदयाय नमः ।
ॐ ह्रीं श्रीं शिर से स्वाहा ।
कएईल ह्रीं शिखायै वषट् ।
हसकहल ह्रीं कवचाय हुम् ।
सकल ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट् ।
सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं अस्त्राय फ़ट् ।"

(इति हृदयादि षडङ्गन्यासः)

जगद् वशीकरण न्यास

इसके बाद 'जगद्वशीकरण न्यास' निम्नानुसार करें—

मन्त्राक्षरों से अमृत बरसाती हुई तथा उससे अपने शरीर को सप्लावित करती हुई, प्रदीप कलिका जैसे आकार वाली, ब्रह्मरन्ध्र में स्थित, सौभाग्यप्रदा देवी का ध्यान करते हुए मूल-मन्त्र के आरम्भ में प्रणव (ॐ) तथा अन्त में 'नमः' लगाकर मध्यमा तथा अनामिका से शिर में न्यास करें ।

फिर बाँये कान में परम सौभाग्य दण्डिनी मुद्रा करके, बाँई ओर सिर से पाँव तक आदि में प्रणव (ॐ) तथा अन्तमें 'नमः' लगाकर, मूल-मन्त्र का न्यास करें ।

फिर, 'सब लोकों का कर्त्ता मैं हूँ'—ऐसा विचारकर, 'त्रिखण्डा-मुद्रा' से आदि में 'प्रणव' (ॐ) तथा अन्त में 'नमः लगाकर, ललाट में न्यास करें ।

फिर 'रिपुजिह्वाग्रमुद्रा' को दिखाते हुए तथा "मैं सब शत्रुओं का निग्रह कर रहा हूँ"—इस भावना से आदि में 'प्रणव' (ॐ) तथा अन्त में 'नमः' लगा कर, पाद-मूल में न्यास करें ।

फिर, मुख में संवेष्टित करते हुए आदि में 'प्रणव' (ॐ) तथा अन्त में 'नमः' लगाकर मूलमन्त्र का न्यास करें ।

फिर, दाँये कान से बाँये कान तक उक्त विधि से न्यास करके, कण्ठ से मुख तक उसी प्रकार न्यास करना चाहिए।

फिर 'प्रणव' (ॐ) पुटित मूलमन्त्र का सर्वाङ्ग में न्यास करें। तत्पश्चात् मुख पर 'योनि मुद्रा' बाँधकर त्रिपुरसुन्दरीदेवी को प्रणाम करें।

त्रिखण्डा, योनि, सौभाग्यदण्डिनी तथा रिपुजिह्वाग्रहण मुद्राओं के लक्षण निम्नानुसार बताये गये हैं—

(१) त्रिखण्डा मुद्रा लक्षण

'परिवर्त्यंक रौस्पष्टावंगुष्ठौ कारयेत्समौ।
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती॥
कनिष्ठिके नियुंजीत निजस्थाने महेश्वरि।
त्रिखंडेयं समाख्याता त्रिपुराह्वान कर्मणि॥"

(२) योनिमुद्रा लक्षण

"मिथः कनिष्ठि के बद्वा तर्जनीभ्यामनामिके।
अनामिकोर्ध्वं संश्लिष्ट दीर्घमध्यभयोरधः॥
अंगुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येद्योनिमुद्रेयमीरिता॥"

(३) पर सौभाग्य दण्डिनी मुद्रा लक्षण

"वामे मुष्टि दृढं बद्ध्वा तर्जनीं प्रविसारयेत्।
भ्रामयेद वामकर्णान्तं मुद्रा सौभाग्य दण्डिनीं॥"

(४) रिपुजिह्वा ग्रहण मुद्रा लक्षण

"अङ्गुष्ठगर्भितां मुष्टि बध्नीयात् दक्षपाणिना।
रिपुजिह्वाग्रहाख्येयं मुद्रोक्ता शत्रुनाशिनी॥"

(इति मुद्रा लक्षणम्)

सम्मोहन न्यासः

इसके बाद निम्नानुसार 'सम्मोहन न्यास' करें—

"ॐ ऐं ग्लौं ऐं नमो भगवति वार्तालि वाराहि वाराहि वाराहमुखि ऐं ग्लौं ऐं अन्धे अन्धिनि नमः रुन्धे रुन्धिनि नमः जम्भे जम्भिनि नमः मोहे मोहिनि नमः स्तम्भे स्तम्भिनि नमः ऐं ग्लौं ऐं सर्वदुष्ट प्रदुष्टानां सर्वेषां सर्ववाक्चित्त चक्षुर्मुखगति जिह्वास्तम्भं कुरु कुरु शीघ्रं वश्यं कुरु कुरु ऐं ग्लौं ऐं ठः ठः ठः हुं फट् स्वाहा" वाराही श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।"

(इससे 'उत्तर' में पूजा करें)

षड्दर्शन-पूजन

पंच-पंचिकाओं का पूजन करने के पश्चात् ६ दर्शनों का पूजन करना चाहिए। (१) शैव, (२) शाक्त, (२) ब्राह्म, (४) वैष्णव, (५) सौर तथा (६) सौगत—ये ६ दर्शन हैं। प्रथम दर्शन का मध्यमें, फिर चारों दर्शनों का क्रमशः पूर्व, दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर—इन चारों दिशाओं में तथा अन्तिम दर्शन का अग्रभाग में पूजन करना चाहिए।

दर्शन पूजा मन्त्र

उक्त ६ दर्शनों के नामों के आगे "श्री पादुकां पूजयामि नमः" लगाने से उनके पूजन-मन्त्र बन जाते हैं। यथा—

"(१) शैव दर्शन श्रीपादुकां पूजयामि नमः—मध्ये ।
(२) शाक्त दर्शन " " —पूर्वे ।
(३) ब्राह्म दर्शन " " —दक्षिणे ।
(४) वैष्णव दर्शन " " —पश्चिमे ।
(५) सौर दर्शन " " —उत्तरे ।
(६) सौगत दर्शन " " —अग्रभागे ।"

तर्पण-मन्त्र

इसके बाद मूल मन्त्र में 'महात्रिपुर सुन्दरी श्रीपादुकां तर्पयामि नमः' लगाकर तीन बार 'तर्पण' करें—

यथा—

"श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः ॐ ह्रीं श्रीं कएईल ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं महात्रिपुर सुन्दरी श्रीपादुकां तर्पयामि नमः ।"

टिप्पणी—उक्त प्रकार से विन्दु-चक्र में स्थित श्रीमत्त्रिपुर सुन्दरी का विधिवत् पूजन करने के बाद निम्नानुसार आवरण-पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए—

आवरण-पूजा

भूपुर से प्रारम्भ तक बिन्दु पर्यन्त प्रतिलोम क्रम से ९ आवरणों की पूजा करनी चाहिए। आवरण देवताओं के नाम से पहले मायाबीज एवं श्री बीज तथा अन्त में "श्रीपादुकां पूजयामि नमः'—यह पद सर्वत्र लगाना चाहिए।

आग्नेय, ईशान, नैर्ऋत्य, वायव्य, अग्रभाग तथा चारों दिशाओं में षडङ्ग-पूजा करनी चाहिए।

भूपुर की प्रथम रेखा में, आठ दिशाओं, ऊर्ध्व तथा अधोभाग में क्रमशः १० सिद्धियों का पूजन करना चाहिए। सिद्धियों के नाम इस प्रकार है—(१) अणिमा, (२) महिमा, (३) लघिमा, (४) ईशिता, (५) वशिता, (६) सिद्धि, (७) प्राकाम्या, (८) भुक्तिरिच्छा, (९) प्राप्ति एवं (१०) सर्वाकाम्या। तप्तस्वर्ण जैसी आभावाली,

पाश एवं अंकुश धारण करने वाली तथा साधकों को रत्न-समुदाय देती हुई सिद्धियों का ध्यान करना चाहिए।

भूपुर की मध्य रेखा में ८ मातृका शक्तियों का पूजन करना चाहिए। उनके नाम इस प्रकार है—(१) ब्राह्मी, (२) माहेश्वरी, (३) कौमारी, (४) वैष्णवी, (५) वाराही, (६) इन्द्राणी, (७) चामुण्डा और (८) महालक्ष्मी समस्त आभूषणों से अलंकृत तथा अपने आठ हाथों में क्रमशः पुस्तक, शूल, शक्ति, चक्र, गदा, वज्र, दण्ड एवं कमल को धारण करने वाली एवं समस्त मनोरथों को पूर्ण करने वाली इन शक्तियों का ध्यान करना चाहिए।

भूपुर की तृतीय रेखा में १० मुद्राओं का पूजन करना चाहिए। उनके नाम इस प्रकार है—(१) क्षोभण, (२) द्रावण, (३) आकर्षण, (४) वश्य, (५) उन्माद, (६) महांकुशा, (७) खेचरी, (८) बीज, (९) योनि और (१०) त्रिखण्डा।

इस प्रकार प्रथमावरण में भूपुर का पूजन करके 'क्षोभ-मुद्रा' प्रदर्शित करनी चाहिए, तदुपरान्त "त्रैलोक्य मोहन चक्र में ये प्रकट योगिनियाँ पूजन एव तपण से अभीष्ट फलदायक हों"—यह प्रार्थना करके मूल-मन्त्र द्वारा विन्दु पर पुष्पांजलि चढ़ानी चाहिए। यथा—

षडङ्गपूजा

सर्वप्रथम यन्त्र के आग्नेय आदि कोणों में क्रमशः निम्नलिखित मन्त्रों से षडङ्ग-पूजा करें—

"श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः हृदयायनमः—आग्नेये।
ॐ ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा—ईशाने।
कएईल ह्रीं शिखायै वषट्—नैर्ऋत्ये।
हसकहल ह्रीं कवचाय हुम्—वायव्ये।
सकल ह्रीं नेत्र त्रयाय वौषट्—अग्रे।
सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं अस्त्राय फट्—दिक्षु।"

इसके बाद क्रमशः आवरण-पूजा आरम्भ करें।

अथप्रथमावरण-पूजा

सर्वप्रथम निम्नलिखित मन्त्र से देवी का ध्यान करें—

"तप्तहेमसमानाभा पाशांकुशधराः शुभा।
साधकेभ्यः प्रयच्छन्ति रत्नोघं सिद्धयस्सदा॥"

इसके बाद भूपुर की प्रथम रेखा में, पर्व आदि दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा 'अणिमा' आदि १० सिद्धियों का पूजन करें। यथा—

"ह्रीं श्रीं अणिमा सिद्धि श्रीपादुकां पूजयामि—पूर्वे।
ह्रीं श्रीं महिमा सिद्धि ,, ,, —आग्नेये।
ह्रीं श्रीं लघिमा सिद्धि ,, ,, —दक्षिणे।
ह्रीं श्रीं ईशिता सिद्धि ,, ,, —नैर्ऋत्ये।
ह्रीं श्रीं वशिता सिद्धि ,, ,, —पश्चिमे।
ह्रीं श्रीं सिद्धि सिद्धि ,, ,, —वायव्ये।
ह्रीं श्रीं प्राकाम्या सिद्धि ,, ,, —उत्तरे।
ह्रीं श्रीं भुक्तिरिच्छा सिद्धि ,, ,, —ईशान्ये।
ह्रीं श्रीं प्राप्ति सिद्धि ,, ,, —ऊर्ध्वभागे।
ह्रीं श्रीं सर्वकामा सिद्धि ,, ,, —ऊधोभागे।"

इसके बाद भूपुर कीद्वितीय रेखा में पश्चिम आदि दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा 'ब्राह्मी' आदि ८ मातृकाओं का पूजन करें। यथा—

"ह्रीं श्रीं ब्राह्मी मातृका श्रीपादुकां पूजयामि—पश्चिमे।
ह्रीं श्रीं माहेश्वरी मातृका ,, ,, —वायव्ये।
ह्रीं श्रीं कौमारी मातृका ,, ,, —उत्तरे।
ह्रीं श्रीं वैष्णवी मातृका ,, ,, —ईशान्ये।
ह्रीं श्रीं वाराही मातृका ,, ,, —पूर्वे।
ह्रीं श्रीं इन्द्राणी मातृका ,, ,, —आग्नेये।
ह्रीं श्रीं चामुण्डा मातृका ,, ,, —दक्षिणे।
ह्रीं श्रीं महालक्ष्मी मातृका ,, ,, —नैर्ऋत्ये।"

इसके बाद भूपुर की तृतीय-रेखा में—दिशाओं, ऊर्ध्व तथा अधोभाग में निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा 'क्षोभण' आदि १० मुद्राओं का पूजन करें। यथा—

"ह्रीं श्रीं क्षोभणमुद्रा श्रीपादुकां पूजयामि—पूर्वे।
ह्रीं श्रीं द्रावण मुद्रा " " —आग्नेये।
ह्रीं श्रीं आकर्षण मुद्रा " " —दक्षिणे।

ह्लीं श्रीं वश्य मुद्रा श्रीपादुकां पूजयामि—नैऋत्ये।
ह्लीं श्रीं उन्माद मुद्रा " " —पश्चिमे।
ह्लीं श्रीं महांकुशा मुद्रा " " —वायव्ये।
ह्लीं श्रीं खेचरी मुद्रा " " —उत्तरे।
ह्लीं श्रीं बीज मुद्रा " " —ईशान्ये।
ह्लीं श्रीं योनि मुद्रा " " —ऊर्ध्वभागे।
ह्लीं श्रीं त्रिखण्डा मुद्रा " " —अधोभागे।"

उक्त विधि से 'प्रथम-आवरण' का पूजन कर, 'क्षोभमुद्रा' प्रदर्शित कर—

"त्रैलोक्यमोहने चक्रे इमाः प्रकट योगिन्यः पूजितास्तर्पिता इष्टदाः सन्तुः।"

यह प्रार्थना कर, मूल-मन्त्र से बिन्दु पर पुष्पांजलि चढ़ायें।

क्षोभ-मुद्रा लक्षण

'क्षोभ मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

"मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठांगुष्ठरोधिते।
तर्जन्यौ दण्डवत् कृत्वा मध्यमोपर्य नामि के॥
क्षोभाभिधान मुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी।"

(इति प्रथमावरण-पूजा)

अथद्वितीयावरण-पूजा

फिर, षोडशदल में पश्चिम से प्रारम्भ कर विलोम-क्रम से कामाकर्षणिका आदि १६ शक्तियों का निम्नानुसार मन्त्रोच्चारण करते हुए पूजन करना चाहिए। यथा—

"ह्लीं श्रीं कामाकर्षणी शक्ति श्रीपादुकां पूजयामि।
ह्लीं श्रीं बुद्धयाकर्षणी शक्ति " "
ह्लीं श्रीं अहंकारकर्षणी शक्ति " "
ह्लीं श्रीं शब्दाकर्षणी शक्ति " "
ह्लीं श्रीं स्पर्शाकर्षणी शक्ति " "
ह्लीं श्रीं रूपाकर्षणी शक्ति " "

"ह्लीं श्रीं रसाकर्षणी शक्ति श्रीपादुकां पूजयामि ।
ह्लीं श्रीं गन्धाकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं चित्ताकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं धैर्य्याकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं नामाकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं बीजाकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं अमृताकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं स्मृत्याकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं शरीराकर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं आत्माकर्षणी शक्ति ,, ,,

उक्त प्रकार से 'द्वितीय-आवरण' का पूजन करे—

"सर्वाशापूरके चक्रे एताः षोडश गुप्त योगिन्यः पूजितास्तर्पिता सन्तु ।"

यह प्रार्थना कर मूल मन्त्र से पुष्पांजलि समर्पित करें, तदुपरान्त 'द्रावणी-मुद्रा' प्रदर्शित करें ।

'द्रावणी मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार बताया गया है ।

'द्रावणी-मुद्रा' लक्षण

"क्षोभाभिधानमुद्रायाः मध्यये सरले यदा ।
क्रियते परमेशानि तदा विद्राविणी मता ॥"

(इति द्वितीयावरण पूजा)

अथतृतीयावरणपूजा

फिर, कवर्ग आदि ८ वर्गों से युक्त अष्टदल में पूर्वादि दिशाओं में अनुलोम-क्रम से बन्धूक पुष्प के समान आभावाली तथा हाथों में पाश एवं अंकुश धारण करने वाली 'अनङ्ग कुसुमा' आदि ८ गुप्ततर योगिनियों का ध्यान करके, उनकी पूजा करनी चाहिए ।

ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है—

"सर्व संक्षोभणे चक्रे बंधूक कुसुम प्रभाः।
अनंग कुसुमाद्यष्टौ पाशांकुशलसत्कराः ॥"

पूजन-मन्त्र निम्नानुसार हैं—

"ह्रीं श्रीं कं खं गं घं ङं अनङ्ग कुसुमा श्रीपादुकां पूजयामि पूर्वे।
ह्रीं श्रीं चं छं जं झं ञं अनङ्ग मेखला श्रीपादुकां पूजयामि आग्नेये।
ह्रीं श्रीं टं ठं डं ढं णं अनङ्गमदना श्री पादुकां पूजयामि दक्षिणे।
ह्रीं श्रीं तं थं दं धं नं अनङ्गमदनातुरा श्रीपादुकां पूजयामि नैर्ऋत्ये।
ह्रीं श्रीं पं फं बं भं मं अनङ्ग रेखा श्रीपादुकां पूजयामि पश्चिमे।
ह्रीं श्रीं यं रं लं वं अनङ्गवेगा श्रीपादुकां पूजयामि वायव्ये।
ह्रीं श्रीं शं षं सं हं अनङ्गांकुशा श्रीपादुकां पूजयामि उत्तरे।
ह्रीं श्रीं ळं क्षं अनङ्गमालिनी श्रीपादुकां पूजयामि ईशान्ये।

उक्त विधि से 'तृतीय-आवरण' का पूजन करें।

"सर्वसंक्षोभणे चक्रे एता अष्टौ गुप्ततर योगिन्यः पूजिता सन्तुः।"

इस प्रकार प्रार्थना कर, मूल-मन्त्र से पुष्पांजलि देकर, आकर्षणी-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

आकर्षणी-मुद्रा का लक्षण इस प्रकार कहा है—

आकर्षणी-मुद्रा लक्षण

"मध्यमातर्जनीभ्यां तु कनिष्ठानामिके समे।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ॥
इयमाकर्षणी मुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा ॥"

(इति तृतीयावरण-पूजा)

अथ चतुर्थावरणपूजा

ककार से ठकार तक के वर्णों से सुशोभित चतुर्दशदल में पश्चिम दिशा से प्रारम्भ कर, विलोमक्रम से, इन्द्रगोपतुल्य आभावाली, मदोन्मत, आभूषणों से अलंकृत एवं हाथों में क्रमशः दर्पण, पानपात्र, पाश तथा अंकुश धारण करने वाली १४ शक्तियों का ध्यान करने के पश्चात् पूजा करें।

ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है—

"इन्द्रगोपनिभारभ्या मदोन्मताः सभूषणाः ।
विभ्रत्यो दर्पणां पानपात्रं पाशांकुशावपि ।।"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ह्लीं श्रीं कं सर्वसंक्षोभिणी शक्ति श्रीपादुकां पूजयामि ।
ह्लीं श्रीं खं सर्वविद्राविणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं गं सर्वाकिर्षणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं घं सर्वाह्लादकरी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं ङं सर्वसम्मोहिनी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं चं सर्वस्तम्भनकरी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं छं सर्वजृम्भिणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं जं सर्ववशंकरी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं झं सर्वरंजिनी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं ञं सर्वोन्मादिनी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं टं सर्वार्थसाधिनी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं ठं सर्वसम्पत्तिपूरिणी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं डं सर्वमन्त्रमयी शक्ति ,, ,,
ह्लीं श्रीं ढं सर्वद्वन्द्वक्षयंकरी शक्ति ,, ,, ।"

उक्त प्रकार से पूजन कर,

"सर्व सौभाग्यदे चक्रे इमाश्चतुर्दशसम्प्रदाय योगिन्यः पूजिता सन्तुः ।"

ऐसी प्रार्थना कर, मूल-मन्त्र से पुष्पांजलि चढ़ाऐं, तदुपरान्त 'वश्य मुद्रा' प्रदर्शित करें। 'वश्यमुद्रा' का लक्षण इस प्रकार कहा गया है—

'वश्य मुद्रा' लक्षण

"पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावंकुशाकृती ।
परिवर्त्य क्रमेणैव मध्यमे तदधोगते ।।

क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठानामिकादयः ।
संयोज्य निविद्राः सर्वा अंगुष्ठावग्रदेशतः ।।
मुद्रेयं परमेशानि सर्ववश्यकरी मताः ।।"

(इति चतुर्थावरण पूजा)

अथ पञ्चमावरण-पूजा

'ण' कार से 'अ' कार तक के वर्णों से सुशोभित दशदल में जपाकुसुम के समान आभावाली, चमकीले आभूषणों से अलंकृत तथा हाथों में पाश एवं अंकुश धारण करने वाली कुल १० योगिनियों का ध्यान करके पश्चिम से प्रारंभ कर विलोम-क्रम से पूजन करें।

ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है—

"सिद्धिदा दशयोगिन्यो जपापुष्पसमप्रभाः ।
स्फुरन्मणि विभूषाद्याः पाशांकुशलासत्कराः ।।"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ह्लीं श्रीं णं सर्वसिद्धिप्रदा देवी श्रीपादुकां पूजयामि ।
ह्लीं श्रीं तं सर्वं संपत्प्रदा देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं थं सर्वं प्रियंकरी देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं दं सर्वं मङ्गलकरी देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं धं सर्वकामप्रदा देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं नं सर्वं दुःखविमोचिनीदेवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं पं सर्वमृत्युप्रशयनी देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं फं सर्वविघ्ननिवारिणीदेवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं बं सर्वाङ्ग सुन्दरी देवी ,, ,,
ह्लीं श्रीं भं सर्वं सौभाग्यदायिनी देवी ,, ,, ।"

उक्त प्रकार से पूजन कर—

"सर्वार्थसाधके चक्रे इमा दश कुलयोगिन्यः पूजिता सन्तुः ।"

ऐसी प्रार्थना कर, मूल-मन्त्र से पुष्पांजलि चढ़ायें। फिर 'उन्माद-मुद्रा' प्रदर्शित करें।

'उन्माद-मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

उन्माद-मुद्रा लक्षण

"सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेनुजे।
अनामिके तु सरले तदधस्तर्जनी ह्वयम्॥
दण्डाकारौ ततोऽङ्गुष्ठौ मध्यमानस्व देशगौ।
मुद्रैषौन्मादिनी नाम क्लेदिनी सर्वपोषिताम्॥"

(इति पञ्चमावरण-पूजा)

अथ षष्ठावरण-पूजा

'म' कार से 'क्ष' कार के १० वर्णों से सुशोभित द्वितीय दशदल में उदीयमान सूर्य जैसी आभावाली तथा हाथों में ज्ञानमुद्रा, टक, पाश तथा वरमुद्रा धारण करने वाली 'सर्वज्ञा' आदि १० योगिनियों का ध्यान कर, पश्चिम से प्रारंभ कर, विलोम-क्रम से पूजा करनी चाहिए।

ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है—

"सर्वरक्षाकरे चक्रे उद्यद्भास्कर सन्निभाः।
ज्ञानमुद्राटंकपाशवरधारि कराम्बुजाः॥"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ह्रीं श्रीं मं सर्वज्ञा देवी श्रीपादुकांपूजयामि।
ह्रीं श्रीं यं सर्वशक्ति देवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं रं सर्वैश्वर्यफलप्रदा देवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं लं सर्वज्ञानमयी देवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं वं सर्वव्याधि विनाशिनीदेवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं शं सर्वाधार स्वरूपा देवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं षं सर्वपापहरा देवी ,, ,,
ह्रीं श्रीं सं सर्वानन्दमयी देवी ,, ,,

ह्लीं श्रीं हं सर्वरक्षा स्वरूपिणी देवी श्रीपादुकांपूजयामि ।

ह्लीं श्रीं क्षं सर्वेप्सितार्थफलप्रदा देवी " " ।"

उक्त प्रकार से पूजन कर,

"सर्वरक्षाकरे चक्रे इमा दशनिगर्भ योगिन्य: पूजिता: सन्तु ।"

ऐसी प्रार्थना कर मूल-मन्त्र से पुष्पांजलि चढ़ायें। फिर 'महांकुशा मुद्रा' प्रदर्शित करें।

'महांकुशा मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

महांकुशा मुद्रा लक्षण

"अस्यास्त्वनामिका युग्ममध: कृत्वांकुशाकृति ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् ।।
इयं महांकुशा मुद्रा सर्वकामार्थ साधिनी ।।"

(इति षष्ठावरण-पूजा)

अथ सप्तमावरण-पूजा

फिर, अष्टदल मे दाडिम-पुष्प जैसी आभावाली, लालरंग के वस्त्रों से अलंकृत तथा हाथों में धनुष, वाण, विद्या एवं वर धारण करने वाली, न्यासोक्त 'वशिनी' आदि देवियों का ध्यान कर, अकार आदि वर्गों में तथा पूर्वोक्त बीजों के साथ, पश्चिम से प्रारम्भ कर विलोम-क्रम से पूजन करना चाहिए।

ध्यान का मन्त्र इस प्रकार है—

"सर्वरोग हरे चक्रे दाडिमी पुष्पसन्निभा ।
रक्तांशुकाधनुर्बाण विद्या वरलसत्करा: ।।"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ह्लीं श्रीं अं आं वशिनी वाग्देवता श्रीपादुकां पूजयामि ।
ह्लीं श्रीं इं ईं कौमारी वाग्देवता " "
ह्लीं श्रीं उं ऊं मोहिनी वाग्देवता " "
ह्लीं श्रीं ऋं ॠं विमला वाग्देवता " "
ह्लीं श्रीं लृं लॄं अरुणा वाग्देवता " "
ह्लीं श्रीं एं ऐं जयिनी वाग्देवता " "

ह्लीं श्रीं ओं औं सर्वेशी वाग्देवता " " .
ह्लीं श्रीं अं अः कौलिनी वाग्देवता " " ।"

उक्त प्रकार से पूजन कर, मूलमन्त्र से पुष्पांजलि चढ़ाकर,

"सर्वरोग हरेचक्रे अष्टारे इमा रहस्ययोगिन्यः पूजिता सन्तु ।"

ऐसी प्रार्थनाकर,' खेचरी-मुद्रा' प्रदर्शित्त करें ।
'खेचरी मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

खेचरी-मुद्रा लक्षण

"सव्यं दक्षिण हस्तेतु सव्यहस्ते तु दक्षिणम् ।
बाहू कृत्वा महादेवि हस्तौ संपरिवर्त्यंच ।।
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेनक्रमेण तु ।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ।।
अंगुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत् ।
इयं सा खेचरी नाम मुद्रा सर्वोत्तमोत्तमा ।।"

(इति सप्तमावरण-पूजा)

अथ अष्टमावरण-पूजा

फिर, अ क थ वर्णों से रचित त्रिकोण के चारों ओर पश्चिम से प्रारम्भ कर, अनुलोम-क्रम से अपने-अपने बीजों के साथ जंभ, मोह, वश एवं स्तंभ संज्ञक कामेश्वर तथा कामेश्वरी के वाण, धनु, पाश एवं अंकुशों का पूजन करें ।

फिर, अनेक रत्नों से सुशोभित, अपने आयुधों सहित बिजली के समान कान्तिमान् अंगों वाली तथा यौवनोन्माद के कारण मन्थर-गति से चलने वाली आयुध-देवियों का स्मरण करें ।

फिर आग्नेय आदि तीन कोणों में कूटत्रय सहित कामेश्वरी, वज्रेशी एवं भगमालिनी का पूजन करें ।

सर्वप्रथम निम्नलिखित मन्त्र से ध्यान करें—

"नानारत्न विभूषाढ्या स्वस्वायुध समन्विताः ।
विद्युद्दामसमानांग्यो यौवनोन्मद मन्थराः ।।"

उक्त प्रकार से ध्यान करने के उपरान्त त्रिकोण के चारों ओर पश्चिम से

प्रारम्भ कर अनुलोम क्रम से निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा कामेश्वर तथा कामेश्वरी के वाण आदि का पूजन करें। यथा—

"यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः कामेश्वर कामेश्वरी जंभन बाण श्रीपादुकां पूजयामि—पश्चिमे।

धं थं कामेश्व कामेश्वरी मोहन धनु श्रीपादुकां पूजयामि—उत्तरे।

आं ह्रीं कामेश्वर कामेश्वरी वशीकरणपाश श्रीपादुकां पूजयामि—पूर्वे।

क्रों कामेश्वर कामेश्वरी स्तंभनांकुश श्रीपादुकां पूजयामि—दक्षिणे।"

फिर त्रिकोण के आग्नेय आदि कोणों में कामेश्वरी आदि का निम्नानुसार ध्यान करें—

"कामेश्वरी रुद्रशक्तिः शरच्चन्द्रशतप्रभा।
स्मर्तव्यादधतीहस्तैः पुस्तका ऽमीवरस्रजः॥
वज्रेश्वरी विष्णुशक्तिरुद्यन्मार्तण्डसप्रभा।
इक्षुचापवराभीति पुष्प वाणलसत्करा॥
भगमाला ब्रह्मशक्ति स्तप्त हाटकसप्रभा।
ज्ञानमुद्रां प्रदर्श्याथ प्रार्थयेत्सुन्दरीमिदम्॥"

उक्त प्रकार से ध्यान करके, निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा कामेश्वरी आदि शक्तियों का पूजन करें। यथा—

"कएईल ह्रीं कामरूपपीठे कामेश्वरी रुद्रशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि।

हसकहल ह्रीं पूर्णं गिरिपीठे वज्रेश्वरी विष्णु शक्ति श्रीपादुकां पूजयामि।

सकल ह्रीं जालन्धर पीठे भगमालिनी ब्रह्मशक्ति श्रीपादुकां पूजयामि।"

उक्त प्रकार से पूजन करने के बाद मूल-मन्त्र से पुष्पांजलि चढ़ाकर,

"सर्वसिद्धि प्रदेचक्रे इमा अतिरहस्य योगिन्यः पूजिता निरन्तरं मे मङ्गलं दिशन्तु ।"

ऐसी प्रार्थना कर, 'बीज-मुद्रा' प्रदर्शित करें ।

'बीज-मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

बीज-मुद्रा लक्षण

"परिवर्त्यकरौ स्पष्टावर्द्धचन्द्राकृती प्रिये ।
तर्जन्यंगुष्ठयुगलं युगपत्कारयेत्ततः ।।
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ।।
वीजमुद्रेय मुदिता सर्वसिद्धि प्रदायिनी ।।"

(इति अष्टमावरण-पूजा)

अथ नवमावरण-पूजा

फिर विन्दु के ऊपर पूर्वोक्त "बालार्कायुत तेजसं त्रिनया०........" के अनुसार भगवती के स्वरूप का ध्यान कर, मूल-मन्त्र के साथ—

"श्रीमत्त्रिपुर सुन्दरी श्रीपादुकां पूजयामि ।"

कहकर श्री विद्या का पूजन करें । फिर—

"सर्वानन्दमये चक्रे सर्वाभीष्ट दायिनी परापररहस्य योगिनी श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी पूजितास्तु ।"

यह कहकर 'महायोनिमुद्रा' प्रदर्शित करें ।

'महायोनि मुद्रा' का लक्षण निम्नानुसार कहा गया है—

'महायोनि मुद्रा' लक्षण

"मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।
अनामिकामध्यगते तथैव हि कनिष्ठके ।।
सर्वा एकत्र संयोज्या अंगुष्ठ परिपीडिताः ।
एषा तु प्रथमामुद्रा महायोन्याभिधा मता ।।"

इसके बाद मूल-मन्त्र से ३ बार तर्पण करके, धूप-दीप आदि उपचारों से देवी का विधिवत् पूजन कर, अनेक प्रकार के भोज्य-पदार्थों को नैवेद्य के रूप में निवेदित करना चाहिए।

हवन

फिर अग्नि का पूजन कर, उसमें त्रिपुर सुन्दरी का आवाहन कर, हव्य द्रव्य से २५ आहुतियाँ दें।

बलिदान-विधि

फिर श्री चक्र के ईशान, आग्नेय, नैर्ऋत्य तथा वायव्य कोण में हुतशेष द्रव्य द्वारा अपने-अपने मन्त्रों तथा मुद्राओं से बटुक, योगिनी, क्षेत्रफल तथा गणपति को पूर्वोक्त रीति से बलि दें। फिर प्रदक्षिणा एवं नमस्कार कर, मूल-विद्या का जप करना चाहिए।

बलिदान की विधि निम्नानुसार है—

"एह्येहि देवीपुत्र वटुकनाथ कपिल जटाधारभासुरत्रिनेत्र-ज्वालामुख सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वोपचार सहितं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा।"

उक्त मन्त्र से तर्जनी एवं अँगूठा मिलाकर हुत-शेष (होम करने से बचा हुआ) द्रव्य से ईशानकोण में 'बटुक' को बलि प्रदान करें।

फिर—

"ऊर्ध्वं ब्रह्माण्डतो वा दिवि गगनतले भूतले निष्कले वा, पाताले वातले वा सलिलपवनयोर्यत्र कुत्र स्थिता वा। क्षेत्रे वीणेप पठादिषु च कृतपदा धूपदीपादिकेन, प्रीता देव्यः सदा नः शुभबलि विधिना पातु वीरेन्द्रबन्धाः।।" यां योगिनीभ्यो नमः।"

उक्त मन्त्र से अनामिका, कनिष्ठा तथा अंगुष्ठ को मिलाने से निर्मित मुद्रा द्वारा हुत शेषद्रव्य से आग्नेयकोण में योगिनियों को बलि देनी चाहिए।

फिर—

"क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः हुं स्थान क्षेत्रपालेश सर्वकामं पूरय स्वाहा।"

उक्त मन्त्र द्वारा बाँये हाथ के अँगूठा तथा अनामिका को मिलाने से निर्मित

मुद्रा द्वारा हुतशेष द्रव्य से श्रीचक्र के नैऋत्यकोण में क्षेत्रपाल को बलि प्रदान करें।

फिर—

"गां गीं गूं गं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय सर्वोपचार सहितं बलि गृह्ण गृह्ण स्वाहा।"

इस मन्त्र द्वारा किंचित् वक्र (टेढ़ी) की हुई मध्यमा अँगुली से हुतशेष-द्रव्य द्वारा श्रीचक्र से वायव्यकोण में स्थापित गणपति को बलिप्रदान करें।

इसके पश्चात् प्रदिक्षणा एवं नमस्कारकर, मूल-मन्त्र का जप करना चाहिए।

जो जितेन्द्रिय साधक उक्त विधि से प्रतिदिन ९ आवरणों के साथ भगवती त्रिपुर सुन्दरी का पूजन करता है। वह समस्त मनोरथों को प्राप्त कर लेता है।

काम्य-प्रयोग

अब भगवती त्रिपुर सुन्दरी के साधक को अभीष्ट-सिद्धि देने वाले प्रयोगों के विषय में बताया जाता है।

१. इस मन्त्र का ९,००,००० (नौ लाख) की संख्या में जप करने वाला रुद्रत्व को प्राप्त करता है।

२. मल्लिका (बेला) तथा मालती के फूलों से होम करने पर वागीशता (वाणी पर प्रभुत्व) प्राप्त होती है तथा कनेर एवं जवाकुसुम के होम से साधक संसार को मोहित कर लेता है।

३. चम्पा एवं गुलाब पुष्पों के होम से साधक संसार को अपने वश में कर सकता है।

४. कपूर, कुंकुम तथा कस्तूरी के होम से जातक कामदेव से भी अधिक सुन्दर बन जाता है।

५. लाजा (धान की खीलें) के होम से राज्य प्राप्त होता है।

६. मधु के होम से उपद्रव नष्ट हो जाते हैं।

७. रात्रि के समय छाग-मांस के होम से शत्रु की सेना नष्ट हो जाती है।

८. दही के होम से आरोग्य, घृत के होम से सम्पत्ति, दूध के होम से गाँव तथा मधु के होम से धन की उपलब्धि होती है।

९. कमलों के होम से धन सम्पत्ति मिलती है तथा अनार के होम से राजा वशीभूत हो जाता है।

१०. बिरोजा के होम से क्षत्रिय, नारंगी के होम से वैश्य तथा पेठा के होम से शूद्र शीघ्र ही वश में हो जाते हैं।

११. कटहल से १ लाख आहुतियां देकर होम करने से चक्रवती राजा वश में हो जाते हैं। केला के होम से मन्त्री वश में होते हैं।

१२. अंगूर के होम से इष्ट-सिद्धि मिलती है। नारियल के होम से सम्पत्ति मिलती है। तिल के होम से सभी कामनाऐं पूर्ण होती हैं। गुग्गुल के होम से दुःख नष्ट होते हैं तथा चकवर और गुड़ के होम से समस्त मनोरथ पूरे होते हैं।

१३. खीर के होम से धन-धान्य मिलते हैं।

१४. बन्धूक (दुपहरिया) के फूलों के होम से प्राणी वश में होते हैं।

१५. पके हुए आमों की १ लाख आहुतियाँ देने से पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव वश में हो जाते हैं।

१६. राई मिला लवण का होम करने से दुष्टों का नाश होता है।

१७. कपूर के होम से कवित्व की शीघ्र प्राप्ति होती है।

१८. करंजपाल के होम से भूत-प्रेत वश में हो जाते हैं।

१९ बेलाफल के होम से अतुल लक्ष्मी तथा ईख के टुकड़ों के होम से सुख की उपलब्धि होती है।

२०. घृत के होम से इच्छित-वस्तु की प्राप्ति होती है।

२१. तन्दुल (चावल) के होम से शान्ति मिलती हैं।

यह मन्त्र सभी अभीष्टों को सिद्ध कर सकता है।

●●

४ | षोडशी-भेद मन्त्र

आगम शास्त्र में षोडशी विद्या के कुछ अन्य भेद भी बताये गये हैं, उनके सम्बन्ध में यहाँ लिखा जा रहा है।

पारिभाषिकी षोडशी मन्त्र

(१) कामराज विद्या, (२) अगस्त्य पूजिता लोपामुद्रा, (३) मनुपूजिता, (४) चन्द्र पूजिता, (५) कुबेर पूजिता, (६) अगस्त्य पूजिता द्वितीया लोपामुद्रा, (७) नन्दि पूजिता, (८) इन्द्र पूजिता, (९) सूर्य पूजिता, (१०) शंकर पूजिता (चतुष्कूटा) (११) विष्णु पूजिता (षड्कूटा)' एवं (१२) दुर्वासा पूजिता—इन १२ मन्त्रों के प्रारम्भ में 'ह्रीं श्रीं'—इन दो वीजों को लगाने से जो मन्त्र बनते हैं, वे 'पारिभाषिक षोडशी मन्त्र' कहे जाते हैं।

'ज्ञानार्णव तन्त्र' के अनुसार—उक्त १२ मन्त्रों के आदि में "ॐ ह्रीं श्रीं"—इन तीन वीजों को लगाने से षोडशी मन्त्र बनते हैं। ऐसा करने से 'त्रिकूट' मन्त्र 'षड्कूट', 'षड्कूट' वैष्णव मन्त्र 'नवकूट' तथा 'चतुष्कूट' शिव-मन्त्र 'सप्तकूट' बन जाते हैं। ये सभी मन्त्र शिव-शक्ति मय माने गये हैं।

उक्त विद्याओं के मन्त्र इस प्रकार हैं—

(१) कामराज विद्या—

"कएलई ह्रीं, हसकहल ह्रीं, सकल ह्रीं।"

(२) अगस्त्य पूजिता—

(प्रथम लोपामुद्रा)

"हसकल ह्रीं, हसकहल ह्रीं, सकल ह्रीं।"

(३) मनुपूजिता—

"कहएईल ह्रीं, हकएईल ह्रीं, सकएईल ह्रीं।"

(४) चन्द्रापूजिता—

"सहकएलईल ह्लीं, सहकहईल ह्लीं सहकएईल ह्लीं।"

(५) कुबेर पूजिता—

"हसकएईल ह्लीं, हसकहएईल ह्लीं, हसकएईल ह्लीं।"

(६) अगस्त्य पूजिता—
(द्वितीया लोपामुद्रा)

"कएईल ह्लीं, हसकहल ह्लीं, सहसकल ह्लीं।"

(७) नन्दि पूजिता—

"सएईल ह्लीं, सहकहल ह्लीं, सकल ह्लीं।"

(८) इन्द्र पूजिता—

"कएईल ह्लीं, हसकहल ह्लीं, सकल ह्लीं।"

(९) सूर्य पूजिता—

"कएईल ह्ली, सहकल ह्लीं, सहकसकल ह्लीं।"

(१०) शकर पूजिता—

"कएईल ह्लीं, हसकल ह्लीं, सहसकल ह्लीं, कएईल हसकहलसक सकल ह्लीं।"

(११) विष्णु पूजिता—

"कएईल ह्लीं, हसकल ह्लीं, सहसकल ह्लीं, सएईल ह्लीं, सहकहल ह्लीं, सकल ह्लीं।"

(१२) दुर्वासा पूजिता—

"कएईल ह्लीं, हसकहल ह्लीं, सकल ह्लीं।"

उक्त १२ मन्त्रों के आदि में "ॐ ह्रीं श्रीं"—इन तीन बीजों को लगाने से 'षोडशी मन्त्र' बन जाते हैं।

बीजावली षोडशीमन्त्र

'रुद्रयामल' के अनुसार—क्रमशः श्री, माया, बाला, श्री, माया, काम वाग्, माया, श्री, परा, काम, वाग्, माया तथा श्री—इन बीजों का उच्चारण करने से "बीजावली षोडशी मन्त्र' बनता है।

'ब्रह्मयामल' के अनुसार—क्रमशः श्री, माया, बाला, श्री, माया, काम, वाग्, विलोम बाला, श्री, माया, फिर माया एवं श्रीबीजों का उच्चारण करने से 'षोडशी मन्त्र' बनता है।

गुह्य षोडशी मन्त्र

"गुह्य षोडशी मन्त्र' इस प्रकार है—

"ॐ ह्रीं ॐ श्रीं ह्रीं सौः क्लीं ऐं हसकल ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं ॐ ह्रीं ॐ श्रीं ह्रीं।"

महाषोडशी मन्त्र

प्रारम्भ में ह्रीं श्रीं—ये दो बीज विपरीत-क्रम में और फिर बाला के मध्य बीज को प्रारंभ में करके लिखने से 'श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः—ये पाँच बीज होते हैं। इन पाँच बीजों द्वारा अनुलो .-विलोम क्रम से षट्कूट मन्त्र को पुटित करने से 'षोडशाक्षर मन्त्र' बनता है।

उक्त पांच बीजों से सप्तकूट को पुटित करने पर 'सप्तदशाक्षर मन्त्र' तथा नवकूट को पुटित करने में 'ऊनविंश अक्षर मन्त्र' बनता है। इस प्रकार षट्कूट षोडशाक्षर, शैवमन्त्र सप्तदशाक्षर तथा वैष्णव मन्त्र ऊन विंशाक्षर होता है।

'श्रीक्रम संहिता' के अनुसार—श्रीबीज, मायाबीज, कामबीज, वाग्भव बीज तथा पराबीज को पहले रख कर फिर प्रणव, भुवनेश्वरी बीज, लक्ष्मी बीज एवं त्रिकूट—इस प्रकार बने षड्कूट को उक्त पांच बीजों से पुटित करने पर 'महाषोडशी मन्त्र' बनता है।

ऐसा ही उल्लेख 'मायातन्त्र' 'कुलामृत' तथा मामल ग्रंथों में भी पाया जाता है।

'कुब्जिका तन्त्र' में महाषोडशी का मन्त्र निम्नानुसार बताया गया है—

"ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं सौः ॐ ह्रीं श्रीं कएलई ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं सौः ऐं क्लीं श्रीं ह्रीं।"

इसे 'भुवन सुन्दरी मन्त्र' भी कहते हैं। इस मन्त्र को भुक्ति एवं मुक्ति दायक माना गया है।

उक्त मन्त्र के प्रारम्भ में 'श्री बीज' लगाने से यह 'कमल सुन्दरी' मन्त्र बनता है।

इसी प्रकार उक्त मन्त्र के आदि में क्रमशः कामबीज, वाग्बीज, शक्ति बीज तथा प्रणव लगाने पर ये मन्त्र क्रमशः काम सुन्दरी, वाक् सुन्दरी, शक्तिसुन्दरी एवं तार सुन्दरो मन्त्र कहे जाते हैं।

'सिद्धयामल' में महाषोडशी मन्त्र इस प्रकार बताया गया है—

"ॐ क्लीं ह्रीं श्रीं ऐं क्लीं सौः कएईल ह्रीं हसकहल ह्रीं सहल ह्रीं स्त्रीं ऐं क्रों क्रीं ईं हूं।"

विशेष—इस विद्या के सम्बन्ध में कहा गया है कि इस अभीष्ट फलदायिनी विद्या को अपने पुत्र तथा सुपरीक्षित शिष्य के अतिरिक्त अन्य किसी को नहीं देना चाहिए।

उक्त मन्त्रों की साधन-विधि पूर्वोक्त 'षोडशी मन्त्र' की भांति ही समझनी चाहिए।

●●

५ | बाला-साधन

षोडशीं भगवती त्रिपुर सुन्दरी के ही एक अन्य भेद 'बाला' के मन्त्र तथा उसकी साधन-पूजन विधि का यहाँ उल्लेख किया जा रहा है। यह मन्त्र समस्त मनोभिलाषाओं का पूरक है।

मन्त्र

"ऐं क्लीं सौः।"

विनियोग

"अस्य श्री बाला मन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुरा-बाला देवता क्लौं शक्तिः सौः बीजं ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोगः।"

न्यास

विनियोग के पश्चात् शरीर में नाभि से पाँवों तक प्रथम बीज, हृदय से नाभि तक द्वितीय बीज तथा शिर से हृदय तक तृतीय बीज का न्यास करना चाहिए।

फिर, बाँयें हाथ में प्रथम बीज, दाँये हाथ में द्वितीय बीज तथा दोनों हाथों में तृतीय बीज का न्यास करें।

फिर क्रमशः शिर, गुप्ताङ्ग तथा वक्षःस्थल में क्रमशः तीनों बीजों का न्यास करें। यथा—

"ऐं नमः—नाभे पादान्तम्।
क्लीं नमः—हृदयान्नाभ्यन्तम्।
सौः नमः—मूर्ध्नि हृदन्तम्।"

फिर—

"ऐं नमः—वाम करे ।

क्लीं नमः—दक्षिण करे ।

सौः नमः—करयोरुभयोः ।"

फिर

"ऐं नमः—मूर्ध्नि ।

क्लीं नमः—गुह्ये ।

सौः नमः—वक्षे ।"

नवयोनि न्यास

इसके वाद 'नवयोनि' संज्ञक न्यास में ९ वार मन्त्र का न्यास करें । यथा—

"ऐं नमः—वाम कर्णे ।

क्लीं नमः—दक्षिण कर्णे ।

सौः नमः—चितुके ।

ऐं नमः—वामगण्डे ।

क्लीं नमः—दक्षिण गण्डे ।

सौः नमः—मुखे ।

ऐं नमः—वामनेत्रे ।

क्लीं नमः—दक्षिण नेत्रे ।

सौः नमः—नासिकायाम् ।

ऐं नमः—वाम स्कन्धे ।

क्लीं नमः—दक्षिण स्कन्धे ।

सौः नमः—उदरे ।

ऐं नमः—वाम कूर्परे ।

क्लीं नमः—दक्षिण कूर्परे ।

सौः नमः—नाभौ ।

ऐं नमः—वाम जानौ ।

क्लीं नमः—दक्षिण जानौ ।
सौः नमः—लिङ्गोपरि ।
ऐं नमः—वामपादे ।
क्लीं नमः—दक्षिण पादे ।
सौः नमः—गुह्ये ।
ऐं नमः—वाम पार्श्वे ।
क्लीं नमः—दक्षिण पार्श्वे ।
सौः नमः—हृदि ।
ऐं नमः—वामस्तने ।
क्लीं नमः—दक्षिण स्तने ।
सौः नमः—कण्ठे ।

रत्यादि न्यास

इसके बाद निम्नानुसार 'रत्यादि न्यास' करें—

"ऐं रत्यै नमः—गुह्ये ।
सौः प्रीत्यै नमः—हृदि ।
क्लीं मनोभवायै नमः—भ्रूमध्ये ।
सौः अमृतेश्यैनमः—गुह्ये ।
क्लीं योगेश्यै नमः—हृदि ।
ऐं विश्वयोन्यै नमः—भ्रू मध्ये ।"

मूर्तिन्यास

इसके बाद निम्नानुसार 'मूर्ति न्यास' करें—

"ह्लीं मनोभव्यय नमः—शिरसि ।
क्लीं मकरध्वजाय नमः—मुखे ।
ऐं कन्दर्पाय नमः—हृदि ।
ब्लूं मन्मथाय नमः—गुह्ये ।
स्त्रीं कामदेवाय नमः—चरणयोः ।"

बाणन्यासः

इसके बाद निम्नानुसार 'बाण न्यास' करें—

"द्रां द्राविण्यै नमः—शिरसि ।
द्रीं क्षोभिण्यै नमः—पादयोः ।
क्लीं वशीकरण्यै नमः—मुखे ।
ब्लूं आकर्षण्यै नमः—गुह्ये ।
सः सम्मोहन्यै नमः—हृदि ।"

षडङ्ग न्यास

इसके बाद निम्नानुसार 'षडङ्गन्यास' करें—

"सौः क्लां ऐं—हृदयायनमः ।
सौः क्लीं ऐं—शिरसे स्वाहा ।
सौः क्लूं ऐं—शिखायै वषट् ।
सौः क्लैं ऐं—कवचाय हुम् ।
सौः क्लौं ऐं—नेत्रत्रयाय वौषट् ।
सौः क्लः ऐं—अस्त्राय फट् ।"

ध्यान

इसके बाद निम्नानुसार देवी का 'ध्यान' करें—

"रक्ताम्बरां चन्द्रकलावतंसां समुद्यदादित्यनिभां त्रिनेत्राम् ।
विद्याक्षमालाभयदामहस्तां ध्यायामि बालामरुणाम्बुजस्थाम् ।।"

भावार्थ—"लालवस्त्र धारण करनेवाली, चन्द्रकला से सुशोभित मस्तक वाली, उदीयमान सूर्य जैसी आभावाली, तीन नेत्रों वाली, अपने चारों हाथों में क्रमशः पुस्तक, अक्षमाला, अभय एवं वरद-मुद्रा वाली, रक्त कमल पर विराजमान बाला का मैं ध्यान करता हूँ ।"

जप संख्या तथा हवन

इस मन्त्र का ३,००,००० (तीन लाख) की संख्या में जप करना चाहिए तथा मधु (शहद) सहित टेसू के फूलों से दशांश (तीस हजार) होम करना चाहिए ।

पूजन-यन्त्र

बाला-पूजन यन्त्र का स्वरूप नीचे प्रदर्शित है—

चित्र संख्या ५

(बाला-पूजन यन्त्र)

उक्त यन्त्र पर (१) इच्छा, (२) ज्ञान, (३) क्रिया, (४) कामिनी, (५) कामदायिनी, (६) रति, (७) रतिप्रिया, (८) नन्दा एवं (९) मनोन्मनी—इन पीठ शक्तियों का पूजन कर पीठ-मन्त्र से देवी को आसन प्रदान करें। यथा—

पीठ-पूजा विधि

पीठ-पूजा की सामान्य-पद्धति के अनुसार—

'ॐ आधार शक्तये नमः' से ह्लीं ज्ञानात्मने नमः'—

तक पीठ-पूजा कर, केसरों में तथा मध्य में निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा 'इच्छा' आदि पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए। यथा—

पूर्वादि क्रम से—(केशरों में)

''ॐ इच्छायै नमः।

ॐ ज्ञानायै नमः।

ॐ क्रियायै नमः ।

ॐ कामिन्यै नमः ।

ॐ काम दायिन्यै नमः ।

ॐ रत्यै नमः ।

ॐ रति प्रियायै नमः ।

ॐ नन्दायै नमः । ”

मध्य में—

“ॐ मनोन्मन्यै नमः ।”

आसन मन्त्र

फिर, निम्नलिखित मन्त्र से देवो को आसन प्रदान करें—

“ह्सौः सदाशिव महाप्रेत पद्मासनाय नमः ।”

[टिप्पणी—‘शारदा तिलक’ के अनुसार—आसन प्रदान करने के बाद पूर्व योनि तथा मध्य योनि के बीच में श्री विद्या पूजन-पद्धति के अनुसार गुरु पंक्ति का पूजन करना चाहिए।

फिर, मूल-मन्त्र द्वारा कल्पित-मूर्ति में देवी का आवाहन कर, पाद्य आदि उपचारों से देवी का विधिवत् पूजन करें तथा पूजित-पीठ पर विधिवत् ध्यान, आवाहन आदि उपचारों से पञ्च पुष्पाञ्जलि प्रदान पर्यन्त देवी का पूजन करके आगे लिखी विधि से ‘आवरण-पूजा’ करें—

आवरण-पूजा विधि

सर्वप्रथम मध्य योनि के त्रिकोण में रति आदि देवियों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

“ऐं रत्यै नमः—वामकोणे ।

क्लीं प्रीत्यै नमः—दक्षिण कोणे ।

सौः मनोभवायै नमः—अग्रे ।”

फिर, आग्नेय आदि चारों कोणों, मध्य में तथा सब दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों से षडङ्ग-पूजा करें—

“सौः क्लीं ऐं—हृदयाय नमः

सौः क्लीं ऐं—शिरसे स्वाहा

सौः क्लू ऐं–शिखायै वषट्

सौः क्लें ऐं–कवचाय हुम् ।

सौं: क्लौं ऐं–नेत्रत्रयाय वौषट् ।

सौः क्लः ऐं–अस्त्राय फट् ।"

फिर, मध्ययोनि के बाहर पूर्व आदि दिशाओं में तथा अग्रभाग में निम्न-लिखित मन्त्रों से पञ्च कामों का पूजन करें—

"ह्लीं कामाय नमः ।

क्लीं मन्त्रथाय नमः ।

ऐं कन्दर्पाय नमः ।

ब्लूं मकरध्वजाय नमः ।

स्त्रीं मीनकेतवे नमः ।"

फिर, इन्हीं स्थानों से तथा इसी रीति से 'द्राविणी' आदि वाण-देवियों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"द्रां द्राविण्यै नमः !

द्रीं क्षोभिण्यै नमः ।

क्लीं वशीकरण्यै नमः ।

ब्लूं आकर्षण्यै नमः ।

सः सम्मोहिन्यै नमः ।"

फिर 'अष्ट योनियों में सुभग्न आदि आठ शक्तियों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः सुभगायै नमः ।

" " भगायै नमः ।

" " भगसर्पिण्यै नमः ।

" " भगमालिन्यै नमः ।

" " अनङ्गायै नमः ।

" " अनङ्ग कुसुमायै नमः ।

ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्ग मेखलायै नमः ।
" " अनङ्ग मदनायै नमः ।"

फिर, पद्म केसरों में यथाक्रमेण पूर्व आदि दिशाओं में ब्राह्मी आदि मातृकाओं का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"आं ब्राह्म्यै नमः ।
ईं माहेश्वर्यै नमः ।
ऊं कौमार्यै नमः ।
ॠं वैष्णव्यै नमः ।
ॡं वाराह्यै नमः ।
ऐं इन्द्राण्यै नमः ।
औं चामुण्डायै नमः ।
अः महालक्ष्म्यै नमः ।"

फिर, दलों में पूर्व आदि क्रम से असिताङ्ग आदि अष्ट भैरवों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"अं असिताङ्ग भैरवाय नमः ।
इं रुरु भैरवाय नमः ।
उं चण्ड भैरवाय नमः ।
ऋं क्रोध भैरवाय नमः ।
लृं उन्मत्त भैरवाय नमः ।
एं कापली भैरवाय नमः ।
ओं भीषण भैरवाय नमः ।
अं संहार भैरवाय नमः ।"

फिर, दलों के अग्रभाग में पूर्वादि क्रम से निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा आठ पीठों का पूजन करें—

"ॐ कामरूप पीठाय नमः ।
ॐ मलयगिरि पीठाय नमः ।

ॐ कोल्लगिरि पीठाय नमः ।

ॐ चौहार पीठाय नमः ।

ॐ कुलान्तक पीठाय नमः ।

ॐ जालन्धर पीठाय नमः ।

ॐ उड्यान पीठाय नमः ।

ॐ कोट्ट पीठाय नमः ।"

फिर, भूपुर में पूर्व आदि १० दिशाओं में हैतुक आदि गणों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ॐ हैतुकाय नमः ।

ॐ त्रिपुरान्तकाय नमः ।

ॐ वेतालाय नमः ।

ॐ अग्नि जिह्वाय नमः ।

ॐ कालान्तकाय नमः ।

ॐ कपालिने नमः ।

ॐ एकपादाय नमः ।

ॐ भीमरूपाय नमः ।

ॐ मलयाय नमः ।

ॐ हाटकेश्वराय नमः ।"

फिर, पूर्व आदि दिशाओं में अपने वज्र आदि आयुधों के साथ इन्द्र आदि दिक्पालों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

"ॐ वज्र सहिताय इन्द्राय नमः—पूर्वे ।

ॐ शक्ति सहिताय अग्नये नमः—आग्नेये ।

ॐ दण्ड सहिताय यज्ञाय नमः—दक्षिणे ।

ॐ खड्ग सहिताय निर्ऋतये नमः—नैर्ऋत्ये ।

ॐ पाश सहिताय वरुणाय नमः—पश्चिमे ।

ॐ अंकुश सहिताय वायवे नमः—वायव्ये ।

ॐ गदा सहिताम सोमाय नमः—उत्तरे ।

ॐ शूल सहिताय ईशानाय नमः—ईशान्ये ।

ॐ पद्म सहिताय ब्रह्मणे नमः—पूर्वेशानयोर्मध्ये ।

ॐ चक्र सहिताय अनन्ताय नमः—निऋँति पश्चिमयोर्मध्ये ।"

अन्त में, भूपुर के बाहर पूर्व आदि दिशाओं में बटुक आदि का तथा आग्नेय आदि कोणों में वस्तु आदि का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें—

पूर्वादि दिशाओं में—

"वं बटुकाय नमः ।
यं योगिनीभ्यो नमः ।
क्षं क्षेत्रपालाय नमः ।
गं गणपतये नमः ।"

आग्नेयादि कोणों में—

"ॐ वसुभ्यो नमः ।
ॐ आदितेभ्यो नमः ।
ॐ शिवाभ्यो नमः ।
ॐ भूतेभ्यो नमः ।"

उक्त प्रकार से आवरण-पूजा कर, पुष्पांजलि समर्पित करें तथा धूप-दीप आदि उपचारों से विसर्जन तक विधिवत् देवी का पूजन करें । पूजन में विशेषता यह है कि नैवेद्य समर्पित करने के बाद श्रीविद्या पद्धति के अनुसार चारों बलि उसी समय समर्पित करनी चाहिए ।

उक्त विधि से पूजन करके, यथाशक्ति जप करना चाहिए ।

काम्य-प्रयोग

१. लालकमलों द्वारा होम करने से स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं ।

२. सरसों के होम से राजा वश में हो जाता है ।

३. तगर, राजवृक्ष, कुन्द, गुलाब अथवा चम्पा के पुष्प अथवा बेल फल के होम से लक्ष्मी स्थिर हो जाती है ।

४. दूध वाली गुडूची साथ दूध सहित दूर्वा के होम से मान्त्रिक अपमृत्यु को जीत लेता है तथा आजीवन नीरोग बना रहता है ।

५. चन्दन, अगरु एवं गुग्गुल के होम से ज्ञान तथा कवित्व-शक्ति की प्राप्ति होती हैं।

६. अपराजिता नामक लता के पुष्पों के होम से श्रेष्ठ ब्राह्मण वश में हो जाते हैं।

७. कह्लार पुष्पों के होम से क्षत्रिय, तथा कर्णिक-रज के होम से क्षत्रियों की स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं।

८ कोरण्ट-पुष्पों के होम से वैश्य तथा गुलाव पुष्पों के होम से शूद्र वश में हो जाते हैं।

९. पलाश पुष्पों के होम से वाक्सिद्धि प्राप्त होती है।

१०. भात के होम से अन्न-प्राप्ति होती है।

११. मधु, दूध एवं दही मिश्रित लाजाओं के होम से रोग दूर हो जाते हैं।

वशीकरण-तिलक

१ भाग लाल चन्दन, १ भाग कपूर, १ भाग कचूर, ९ भाग अगर, ४ भाग गोरोचन, १० भाग चन्दन, ७ भाग केशर तथा ४ भाग जटामांसी —इन सबको मिला लें। फिर कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को श्मशान अथवा चौराहे पर क्वारी-कन्या के हाथ से उक्त वस्तुओं को पिसवाकर, उसे उक्त सिद्ध-मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, उसको अपने मस्तक पर तिलक लगायें तो उस तिलक को देखने मात्र से ही मनुष्य, हाथी, सिंह, भूत, राक्षस एवं शाकिनी आदि वश में हो जाते हैं।

देवी के विविध ध्यान

विविध प्रयोगों में सिद्धि के लिए देवी के विभिन्न-ध्यानों को बताया गया है, उनके विषय में नीचे लिखे अनुसार समझना चाहिए—

१. लक्ष्मी-प्राप्ति हेतु—दोनों हाथों में बीजपूर तथा कमल धारण करने वाली, स्वर्ण जैसी आभा सम्पन्न, पद्मासन पर विराजमान बाला देवी का ध्यान करना चाहिए।

२. ज्ञान-प्राप्ति हेतु—चारों हाथों में वरदमुद्रा, अमृत-कलश, पुस्तक तथा अभय-मुद्रा धारण करने वाली एवं अमृतधारा को बिखराने वाली बाला देवी का ब्रह्मरन्ध्र में ध्यान करना चाहिए।

३. रोग-नाशहेतु—चारों हाथों में वरद मुद्रा आदि धारण करने वाली, श्वेतवस्त्रों 'वाली' चन्द्रमा के समान आभा वाली तथा अकार से सकार तक समस्त वर्णों के अवयव धारण करने वाली बाला का ध्यान करना चाहिए।

४. वशीकरण हेतु—दोनों हाथों में अंकुश एवं पाशधारण करने वाली,

रत्न तथा आभूषणों से अलंकृत, प्रसन्नवदना एवं अरुण आभावाली देवी का ध्यान करना चाहिए।

अब प्रत्येक बीज के जप, ध्यान की विधि शापोद्धार की रीति तथा बीजों की दीपिनी की विधि को बताते हैं।

वाग्बीज का ध्यान

पुस्तक, अक्षमाला, सुकपाल एवं ज्ञानमुद्रा से सुशोभित चार हाथों वाली, कुन्दपुष्प के समान कान्ति वाली एवं मोतियों के आभूषणों से सुशोभित अङ्गों वाली बाला का ध्यान 'वाङ्मय सिद्धि' के लिए करना चाहिए।

श्वेत वस्त्र पहिन कर, श्वेत चन्दन लगाकर तथा मोतियों के आभूषण धारण करके जो साधक उक्त रीति से ध्यान कर, वाग्भव बीज का ३,००,००० (तीन लाख) की संख्या में जप करता है तथा जप के बाद मधु-मिश्रित पलाश-पुष्पों से होम करता है, वह श्रेष्ठ कवि तथा युवतियों का प्रिय बन जाता है।

कामबीज का ध्यान

कल्पवृक्ष के नीचे कान्तिमान रत्नसिंहासन पर विराजित, मदाघूर्णित नेत्रों वाली, चारों हाथों में क्रमशः बीजापूर, कपाल, धनुष-वाण तथा अंकुश को धारण करने वाली रक्तवर्णा देवी का ध्यान 'वशीकरण हेतु, करना चाहिए।

लाल वस्त्र एवं आभूषण पहिनकर तथा लालचन्दन लगाकर, देवी के उक्त स्वरूप का ध्यान करते हुए जो साधक कामबीज का ८ लाख की संख्या में जप करता है तथा कपूर एवं लालचंदन मिश्रित मालती के फूलों से दशांश होम करता है, तीनों लोकों के जीव उसके शीघ्र वशीभूत हो जाते हैं।

तृतीय बीज का ध्यान

चारों हाथों में क्रमशः व्याख्यान मुद्रा, अमृतकलश, पुस्तक एवं अक्षमाला धारण करने वाली चैतन्य रुपिणी, शरदचन्द्र के समान कान्तिवाली तथा मोती के आभूषणों से सुशोभित अङ्गोवाली बाला देवी का ध्यान लक्ष्मी, विद्या एवं यश प्राप्ति के लिए करना चाहिए।

श्वेतवस्त्र धारण कर, श्वेत चन्दन लगाकर, देवी के उक्त स्वरूप का ध्यान करते हुए जो साधक तृतीय बीज का ३ लाख की संख्या में जप करता है तथा चन्दन मिश्रित मालती के फूलों से दशांश होम करता है, वह शीघ्र ही लक्ष्मी, विद्या एवं कीर्ति को प्राप्त कर लेता है।

शापोद्धार-विधि

यह विद्या देवी द्वारा शाप ग्रस्त एवं कीलित होने के कारण सामान्यतः

निष्फल र ती है, अतः सिद्धि प्राप्त करने हेतु इसका शापोद्धार एवं उत्कीलन कर लेने के बाद ही जप करना चाहिए।

शापोद्धार के मन्त्र इस प्रकार हैं—

(१) "ह् सौं ह् स्क्ल्रीं हसौः।"

उक्त मन्त्र का १०० वार जप करने से बाला मन्त्र का शाप दूर हो जाता है।

(२) "ऐं ऐं सौः क्लीं क्लीं ऐं सौः सौः क्लीं।"

उक्त नवार्ण मन्त्र का १०० बार जप करने से भी बाला-मन्त्र का शाप नष्ट हो जाता है।

उत्कीलन-विधि

निम्नलिखित 'चेतनी' एवं 'आह्लादिनी' मन्त्रों का जप करने से यह विद्या (बाला-मन्त्र) उत्कीलित हो जाती है—

(१) चेतनी मन्त्र

"ऐं ई औ।"

(२) आह्लादिनी मन्त्र

"ॐ क्लीं नमः।"

दीपन-विधि

जप से पूर्व निम्नलिखित तीन दीपन-मन्त्रों द्वारा तीनों बीजों का 'दीपन' करने के बाद ही अभीष्ट सिद्धि हेतु इनका जप करना चाहिए। इन दीपन मन्त्रों की आराधना के बिना बाला सिद्ध नहीं होती है।

वाग्भव बीज का दीपिनी-मन्त्र

"वदवदवाग्वादिनि ऐं।"

कामबीज का दीपिनी-मन्त्र

"क्लिन्ने क्लेदिनि महाक्षोभं कुरु।"

तृतीय बीज का दीपिनी-मन्त्र

"ॐ मोक्षं कुरु।"

विधि—बाला मन्त्र के तीनों बीजों के साथ उनके अपने दीपनी मन्त्रों को लगाकर जप करने से बाला-मन्त्र दीप्त हो जाता है। इस प्रकार निर्मित समस्त मन्त्रों का नाम 'दीपिनी-विद्या' है और यही विद्या बाला की प्राण स्वरूपा है।

इस दीपिनी-मन्त्र का जप से पूर्व तथा बाद में भी ७-७ बार जप कर लेना चाहिए, अन्यथा बाला-मन्त्र कभी सिद्ध नहीं हो पाता है।

कृतघ्न, धूर्त एवं शठ को यह रहस्य नहीं बताना चाहिए। केवल परीक्षित-शिष्य को ही इसे बतायें अन्यथा बताने वाला ही दोष का भागी होता है।

कामना-भेद से विभिन्न मन्त्र

शत्रु-नाश हेतु वाग्भव, तार्तीय (तृतीय) एवं कामबीजों का जप करना चाहिए। तीनों लोकों को वश में करने के लिए काम बीज, वाग्भव तथा तार्तीय का जप करना चाहिए। मुक्ति के लिए काम बीज, तार्तीय तथा वाग्भव का जप करना चाहिए। इन मन्त्रों का स्वरूप निम्नानुसार होगा—

शत्रु-नाशक मन्त्र—

"ऐं सौः क्लीं।"

वशीकरण मन्त्र—

"क्लीं ऐं सौः।"

मोक्षदायक मन्त्र—

"क्लीं सौः ऐं।"

गुरु-पूजा विधि

'शारदा तिलक' के अनुसार बाला-पूजन में त्रिविध गुरुओं का पूजन करना चाहिए। (१) दिव्यौघ, (२) सिद्धौघ तथा (३) मानवौघ—ये तीन प्रकार के गुरु होते हैं।

पर प्रकाशानन्द, परमेशानन्द; परशिवानन्द, कामेश्वरानन्द, मोक्षानन्द, कामानन्द तथा अमृतानन्द—ये सात 'दिव्यौघ' गुरु हैं।

ईशान, तत्पुरुष, घोर, वामदेव तथा सद्योजात—ये पाँच 'सिद्धौघ' गुरु हैं।

मानवौघ गुरुओं के विषय में नियम यह है कि उन्हें अपने गुरु-सम्प्रदाय के अनुसार जान लेना चाहिए।

गुरुओं के चतुर्थ्यन्त नामों के बाद 'नमः' लगाने से उनकी पूजा के मन्त्र बन जाते हैं। यथा—

"परप्रकाशानन्दाय नमः ।

परमेशानन्दाय नमः ।

परशिवानन्दाय नमः ।

कामेश्वरानन्दाय नमः ।

मोक्षानन्दाय नमः ।

कामानन्दाय नमः ।

अमृतानन्दया नमः ।

ईशानाय नमः ।

तत्पुरुषाय नमः ।

घोराय नमः ।

वामदेवाय नमः ।

सद्योजाताय नमः ।"

(इत्यादि)

त्रिपुरा गायत्री

"क्लीं त्रिपुरा देवि विद्महे कामेश्वरी धीमहि । तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात् ।"

यह सुरसेवित त्रिपुरा गायत्री-मन्त्र सर्व सिद्धिदायक है ।

बालाधारण यन्त्र

नवयोन्यात्मक यन्त्र में, मध्य योनि से प्रारम्भ कर, प्रदक्षिण क्रम से तीन आवृत्तियों में बीजों को लिखें । फिर अष्टदल में 'त्रिपुरा गायत्री' के तीन-तीन अक्षरों को लिखें । तदुपरान्त अष्टदल को बाहर वर्ण माला से वेष्टित कर, परस्पर व्यतिभिन्न रूप में दो चतुरस्र बनायें तथा उनके कोणों में काम बीज लिखें ।

उक्त विधि से जो यन्त्र बनेगा, उसके स्वरूप को नीचे प्रदर्शित किया जा रहा है—

चित्र संख्या ६

(बाला धारण यन्त्र)

उक्त त्रिपुरा संज्ञक (बालाधारण यन्त्र) यन्त्र जप तथा आहुति-शेष घृत से बनाकर भुजा में धारण करने से धन, कीर्ति, सुख एवं पुत्र प्रदान करता है।

६ | बाला-भेद मन्त्र

आगम शास्त्र में अत्यन्त गोपनीय बाला-मन्त्र के १४ भेदों का उल्लेख मिलता है, वे निम्नानुसार हैं—

विविध-मन्त्र

त्र्यक्षर-मन्त्र

"ह्रीं क्लीं ह्सौः ।

षडक्षर मन्त्र

"ऐं क्लीं सौः सौः क्लीं ऐं ।"

नवार्ण मन्त्र

"श्रीं क्लीं ह्रीं ऐं क्लीं सौः ह्रीं क्लीं श्रीं ।"

दशार्ण मन्त्र

"ऐं क्लीं सौः बाला त्रिपुरे स्वाहा ।"

चतुर्दशाक्षर मन्त्र

"ऐं क्लीं ह्सौः बाला त्रिपुरे सिद्धि देहि नमः ।"

षोडशाक्षर मन्त्र

"ह्रीं श्रीं क्लीं त्रिपुरा भारती कवित्वं देहि स्वाहा ।"

सप्तदशाक्षर मन्त्र

"श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिपुरा मालिनी मह्यं सुखं देहि स्वाहा ।"

सप्तदशार्णः

"स्क्लरीं क्ष्म्ब्रौं ऐं त्रिपुरे सर्ववांछितं देहि नमः स्वाहा ।"

अष्टादक्षाक्षर मन्त्र

"ह्लीं ह्लीं ह्लीं प्रौढत्रिपुरे आरोग्य मैश्वर्यं देहि स्वाहा ।"

अष्टादशार्णः

"ह्लीं श्रीं क्लीं त्रिपुरामदने सर्वशुभं साधय स्वाहा ।"

विंशत्यक्षर मन्त्रः

"ह्लीं श्रीं क्लीं बाला त्रिपुरे मदायत्तां विद्यां कुरु नमः स्वाहा ।"

विंशत्यर्णः

"ह्लीं श्रीं क्लीं परापरे त्रिपुरे सर्वमीप्सितं साधय स्वाहा ।"

अष्टाविंशत्यक्षर मन्त्रः

"क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं ह्लीं ह्लीं त्रिपुरा ललिते मदीप्सितां योषितं देहि वांछितं कुरु स्वाहा ।"

पञ्चत्रिंशदक्षर मन्त्रः

"क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं श्रीं ह्लीं ह्लीं ह्लीं त्रिपुर सुन्दरी सर्व-जगन्मम वशं कुरु कुरु मह्यं बलं देहि स्वाहा ।"

विनियोग एवं न्यास

उक्त १४ मन्त्रों के दक्षिणामूर्ति ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा त्रिपुरा बाला देवता है ।

[टिप्पणी—'शारदा तिलक तन्त्र' के अनुसार इनका बीज वाग्भव, शक्ति तार्तीय एवं कीलक कामबीज है]

यथा—

"अस्य श्री बालामन्त्रस्य दक्षिणा मूर्तिऋंषिः गायत्री छन्दः त्रिपुराबाला देवता (ऐं बीजं, सौः शक्तिः, क्लीं कीलकं) ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ।"

विनियोग के बाद निम्नानुसार ध्यान करें—

ध्यान

"पाशांकुशौपुस्तकमक्षसूत्रं करैर्दधानासकलामरार्च्या ।
रक्तां त्रिनेत्रा शशि शेखरेयं ध्येयाखिलर्द्धयै त्रिपुरात्र बाला ॥"

भावार्थ—अपने चारों हाथों में पाश, अंकुश, पुस्तक तथा अक्षसूत्र को धारण करने वाली, लाल कमल के समान तीन नेत्रों वाली एवं चन्द्रकला से सुशोभित मस्तक वाली भगवती त्रिपुरा बाला का समस्त कामनाओं की सिद्धि के लिए ध्यान करता हूँ।"

जप-संख्या, हवन-पूजन आदि

उक्त मन्त्रों का १ लाख की संख्या में जप करना चाहिए तथा लाल कनेर के फूलों से जप का दशांश होम करना चाहिए ।

पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्गपूजा, रति आदि की पूजा, वाण देवता, मातृका, दिक्पाल एवं उनके अस्त्रों के साथ देवी का पूजन कर, पूर्वोक्त रीति से काम्य-प्रयोग करने चाहिए ।

७ | गोपाल सुन्दरी मन्त्र

भोग मोक्षदायिनी 'गोपाल सुन्दरी' को भी भगवती 'त्रिपुर सुन्दरी' जैसा ही माना गया है। इस प्रकरण में इसी मन्त्र की साधन-विधि का उल्लेख किया जा रहा है।

मन्त्र

"ह्रीं श्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजन बल्लभाय स्वाहा।"

विनियोग

"अस्य गोपाल सुन्दरी मन्त्रस्य विधात्रानन्द भैरवो ऋषिः देवी गायत्री छन्दः, गोपाल सुन्दरी देवता, क्लीं बीजं, स्वाहा शक्तिः ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः।"

षडङ्गन्यासः

"ह्रीं श्रीं क्लीं हृदयाय नमः
कृष्णाय शिरसे स्वाहा।
गोविन्दाय शिखायै वषट्।
गोपीजन कवचाय हुम्।
बल्लभाय नेत्रात्रयाय वौषट्।
स्वाहा अस्त्राय फट्।"

सृष्टि न्यास

'श्रीविद्या भास्कर' कार के अनुसार इस मन्त्र का सृष्टि न्यास निम्नानुसार बताया गया है—

"ह्रीं नमः—मूर्ध्नि।
श्रीं नमः—ललाटे।

क्लीं नमः—भ्रुवोः ।
कृं नमः—नेत्रयोः ।
ष्णां नमः—कर्णयोः ।
यं नमः—नसोः ।
गों 'नमः—मुखे ।
विं नमः—चिबुके ।
न्दां नमः—कण्ठे ।
यं नमः—बाहुमूले ।
गों नमः—हृदि ।
पीं नमः—उदरे ।
जं नमः—नाभौ ।
नं नमः—लिङ्गे ।
वं नमः—गुदे ।
ल्लं नमः—कट्यां ।
भां नमः—जान्वोः ।
यं नमः—जंघयोः ।
स्वां नमः—गुल्फयोः ।
हां नमः—पादयोः ।"

स्थिति न्यास

सृष्टि न्यास के बाद निम्नानुसार 'स्थिति-न्यास' करें—

"ह्रीं नमः—हृदि ।
श्रीं नमः—उदरे ।
क्लीं नमः—नाभौः ।
कृं नमः—लिङ्गे ।
ष्णां नमः—आधारे ।
यं नमः—कट्यां ।

गों नमः—जान्वो ।

विं नमः—जंघयो ।

न्दां नमः—गुल्फयोः ।

यं नमः—पादयोः ।

गों नमः—मूर्ध्नि ।

पीं नमः—ललाटे ।

जं नमः—मुखे ।

नं नमः—नेत्रयोः ।

वं नमः—कर्णयोः ।

ल्लं नमः—नसोः ।

मां नमः—मुखे ।

यं नमः—चिबुके ।

स्वा नमः—कण्ठे ।

हां नमः—बाहुमूले ।"

संहार-न्यास

'स्थिति-न्यास' के बाद निम्नानुसार 'संहार-न्यास' करें—

"ह्रीं नमः—पादयोः ।

श्रीं नमः—गुल्फायो ।

क्लीं नमः—जंघयोः ।

कृं नमः—जान्वोः ।

ष्णा नमः—कट्यो ।

यं नमः—गुदे ।

गों नमः—लिङ्गे ।

विं नमः—नाभौ ।

न्दां नमः—उदरे ।

यं नमः—हृदि ।

गों नमः--बाहुमूले ।

पीं नमः--कण्ठे ।

जं नमः--चिबुके ।

नं नमः--मुखे ।

वं नमः--नसोः ।

ल्लं नमः--कर्णयोः ।

भां नमः--नेत्रयोः ।

यं नमः--भ्रुवोः ।

स्वां नमः--ललाटे ।

हां नमः--मूर्ध्नि ।"

उक्त रीति से सृष्टि, स्थिति एवं संहार न्यास करने के बाद पुनः 'सृष्टि न्यास' करें।

कुछ आचार्यों का मत है कि इसके बाद 'विभूति पञ्जर न्यास' करना चाहिए। इस न्यास के करने से भूति-ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। इस न्यास का क्रम निम्नानुसार है—

विभूति पञ्जर न्यास

"गों नमः—आधारे ।

पीं नमः—लिङ्गे ।

जं नमः—नाभौ ।

नं नमः—हृदि ।

वं नमः—कण्ठे ।

ल्लं नमः—मुखे ।

भां नमः—दक्षिणांसे ।

यं नमः—वामांसे ।

स्वां नमः—दक्षिणोरौ ।

हां नमः—वामोरौ ।

गो नमः—कन्धरायाम् ।

पीं नमः—नाभौ ।

जं नमः—कुक्षौ ।

नं नमः—हृदि ।

वं नमः—दक्षिणस्तने ।

ल्लं नमः—वाम स्तने ।

भो नमः—दक्षिण पार्श्वे ।

यं नमः—वाम पार्श्वे ।

स्वां नमः—दक्षिणश्रोण्याम् ।

हां नमः—वाम श्रोण्याम् ।

गों नमः—शिरसि ।

पीं नमः—मुखे ।

जं नमः—दक्षिण नेत्रे ।

नं नमः—वाम नेत्रे ।

वं नमः—दक्षिण कर्णे ।

ल्लं नमः—वाम कर्णे ।

भां नमः—दक्षिण नासापुटे ।

यं नमः—वाम नासापुटे ।

स्वां नमः—दक्षिण कपोले ।

हां नमः—वाम कपोले ।

गों नमः—दक्षिण हस्तमूले ।

पीं नमः—दक्षिण कूर्परे ।

जं नमः—दक्षिण मणिबन्धे ।

नं नमः—दक्षांगुलिमूले ।

वं नमः—दक्षांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—अंगुष्ठे ।

भां नमः—तर्जन्याम् ।

यं नमः—मध्यमायाम् ।

स्वां नमः—अनामिकायाम् ।

हां नमः—कनिष्ठकायाम् ।

गों नमः—वामहस्तमूले ।

पीं नमः—वाम कूर्परे ।

जं नमः—वाम मणि बन्धे ।

नं नमः—वामाङ्गुलि मूले ।

वं नमः—वामांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—वाम अंगुष्ठे ।

भां नमः—वाम तर्जन्याम् ।

यं नमः—वाम मध्यमायाम् ।

स्वां नमः—वाम अनामिकायाम् ।

हां नमः—वाम कनिष्ठकायाम् ।

गों नमः—दक्ष पाद मूले ।

पीं नमः—दक्ष गुल्फे ।

जं नमः—दक्ष जंघायाम् ।

नं नमः—दक्ष पादांगुलिमूले ।

वं नमः—दक्ष पादांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—दक्ष पादांगुष्ठे ।

भां नमः—दक्ष तर्जन्याम् ।

यं नमः—दक्ष मध्यमायाम् ।

स्वां नमः—दक्ष अनामिकायाम् ।

हां नमः—दक्ष कनिष्ठकायाम् ।

गो नमः—वाम पादमूले ।

पीं नमः—वाम गुल्फे ।

जं नमः—वाम जंघायाम् ।

नं नमः—वाम पादांगुलि मूले ।

वं नमः—वाम पादांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—वामपादांगुष्ठे ।

भो नमः—वाम तर्जन्याम् ।

यं नमः—वाम मध्यमायाम् ।

स्वं नमः—वाम अनामिकायाम् ।

हां नमः—वाम कनिष्ठकायाम् ।

गों नमः—दक्षपादमूले ।

पीं नमः—दक्षगुल्फे ।

जं नमः—दक्ष जंघायाम् ।

नं नमः—दक्ष पादांगुलिमूले ।

वं नमः—दक्ष पादांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—दक्ष पादांगुष्ठे ।

भां नमः—दक्ष तर्जन्याम् ।

यं नमः—दक्ष मध्यमायाम् ।

स्वो नमः—दक्ष अनामिकायाम् ।

हां नमः—दक्ष कनिष्ठकायाम् ।

गों नमः—वाम पादमूले ।

पीं नमः—वाम गुल्फे ।

जं नमः—वाम जंघायाम् ।

नं नमः—वाम पादांगुलिमूले ।

वं नमः—वाम पादांगुल्यग्रे ।

ल्लं नमः—वाम पादांगुष्ठे ।

भां नमः—वाम तर्जन्याम् ।

यं नमः—वाम मध्यमायाम् ।

स्वं नमः—वाम अनामिकायाम् ।

हां नमः—वाम कनिष्ठकायाम् ।

गों नमः—मूर्ध्नि ।

पीं नमः—तत्पूर्वे ।

जं नमः—तद्दक्षिणे ।

नं नमः—तत्पश्चिमे ।

वं नमः—तदुत्तरे ।

ल्लं नमः—मूर्ध्नि ।

भां नमः—दक्षिणभुजे ।

थं नमः—वाम भुजे ।

स्वां नमः—दक्षिणोरौ ।

हां नमः—वामोरौ ।

गों नमः—शिरसि ।

पीं नमः—नेत्रयोः ।

जं नमः—मुखे ।

नं नमः—कण्ठे ।

वं नमः—हृदि ।

ल्लं नमः—जठरे ।

भां नमः—मूलाधारे ।

यं नमः—लिङ्गे ।

स्वां नमः—जानुनोः ।

हां नमः—पादयोः ।

गों नमः—श्रोत्रयोः ।

पीं नमः—गण्डयो ।

जं नमः--अंसयोः ।

नं नमः—स्तनयो ।

वं नमः--पार्श्वयोः ।

ल्लं नमः--लिङ्गे ।

भौ नमः--ऊर्वो ।

यं नमः--जानुनोः ।

स्वां नमः--जंघयोः ।

हां नमः--पादयोः ।"

इसके बाद त्रिपुर सुन्दरी षोडशी मन्त्र में बताई गई रीति से (१) कर-शुद्धि न्यास, (२) आसन-न्यास तथा (३) वाग्देवता न्यास करके, तीनों कूटों का शिर, मुख तथा हृदय में न्यास करें।

फिर तीनों कूटों की दो आवृत्तियों से पुनः षडङ्गन्यास करें। तत्पश्चात् कमला एवं वसुधा के साथ श्रीचक्र में स्थित हरि का ध्यान करें।

शिर, मुख तथा हृदय में न्यास इस प्रकार करें—

"कृष्णाय नमः—मूर्ध्नि ।

गोविन्दाय नमः—मुखे ।

गोपीजनवल्लभाय नमः—हृदये ।"

षडङ्गन्यास

"कृष्णाय हृदयाय नमः ।

गोविन्दाय शिरसे स्वाहा ।

गोपीजन वल्लभाय शिखायै वषट् ।

कृष्णाय कवचाय हुम् ।

गोविन्दाय नेत्रत्रयाय वौषट् ।

गोपीजन वल्लभाय अस्त्राय फट् ।"

ध्यान-मन्त्र

इसके बाद निम्नानुसार ध्यान करें—

"क्षीरांभोधिस्थकल्पद्रुमवन विलसद्रत्नयुङ् मण्डपान्तः

प्रोद्यच्छ्रीपीठ संस्थं करधृत जलजारी क्षुचापांकुशेषुम् ।

पाशं वीणां सुवेणुं दधतभर्वानमाशोभितं रक्तकांति
ध्यायेद् गोपालमीशं विधिमुखविषुधैरीड्यमानं समतात् ॥"

भावार्थ—"क्षीर सागर के कल्पवृक्ष वाले वन में सुशोभित रत्न मण्डप के भीतर श्रीपीठ पर स्थिर आठ भुजाओं में क्रमशः पद्म, चक्र, इक्षुचाय, वाण, अंकुश, पाश, वीणा तथा वेणु धारण करने वाले धरा (पृथ्वी) तथा लक्ष्मी से सुशोभित एवं ब्रह्मा आदि देवताओं से स्तुति किये जाने वाले भगवान् गोपाल जी का मैं ध्यान करता हूँ।"

जप संख्या तथा हवन

उक्त प्रकार से ध्यान करके १,००,००० (एक लाख) की संख्या मे मन्त्र का जप करें। फिर खीर से दशांश होम करें तथा वैष्णव पीठ पर गोपाल सुन्दरी का पूजन करें।

आवरण-पूजा

फिर वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल तथा भूपुर सहित निर्मित यन्त्र पर सामान्य पूजा-पद्धति के अनुसार पीठ-देवताओं तथा विमला आदि वैष्णवी पीठ-शक्तियों का पूजन कर ध्यान, आवाहन आदि उपचारों से पञ्चपुष्पांजलिदान पर्यन्त पूजन कर, 'आवरण पूजा' करनी चाहिए।

'गोपाल सुन्दरी पूजन यन्त्र' का स्वरूप नीचे प्रदर्शित है—

(गोपाल सुन्दरी पूजन यन्त्र)

सर्वप्रथम आग्नेय आदि कोणों में 'षडङ्गपूजा' करें। यथा—

"ह्रीं श्रीं क्लीं हृदयाय नमः।
कृष्णाय शिरसे स्वाहा।
गोविन्दाय शिखायै वषट्।
गोपीजन कवचाय हुम्।
वल्लभाय नेत्रत्रयाय वौषट्।
स्वाहा अस्त्राय फट्!"

फिर, पूर्व आदि चारों दिशाओं से चारों पत्रों के मूल में निम्नलिखित मन्त्रों से वासुदेव आदि का पूजन करें। यथा—

"ॐ वासुदेवाय नमः।
ॐ संकर्षणाय नमः।
ॐ प्रद्युम्नाय नमः।
ॐ अनिरुद्धाय नमः।"

फिर, आग्नेय आदि चारों कोणों के चारों पत्रों के मूल में निम्नलिखित मन्त्रों से शान्ति आदि का पूजन करें। यथा—

"ॐ शान्त्यै नमः।
ॐ श्रियै नमः।
ॐ सरस्वत्यै नमः।
ॐ रत्यैनमः।"

फिर, अष्टदल के पत्रों के मध्य में पूर्व आदि दिशाओं में रुक्मिणी आदि का निर्म्नलिखित मन्त्रों से पूजन करें। यथा—

"ॐ रुक्मिण्यै नमः।
ॐ सत्यभामायै: नमः।
ॐ कालिन्द्यै नमः।
ॐ जाम्बवत्यै नमः।
ॐ मित्रविन्दायै नमः।

ॐ सुनन्दायै नमः ।

ॐ सुलक्षणायै नमः ।

